पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 7 ◆ रायपुर 05 अक्टूबर 2023 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

## कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को पांच सालों में अपराध का गढ़ बना दिया

# पीएम मोदी बोले- अल्पसंख्यकों का हक छीनना चाहती है कांग्रेस

### जगदलपुर में कहा- हिंदुओं की आबादी बड़ी, तो हिंदू अपने सारे अधिकार ले लें क्या

जगदलपुर। पीएम मोदी ने कहा, मैं सोच रहा था कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह जी क्या सोच रहे होंगे। वह कहा करते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है, उसमें भी मुसलमानों का। अब कांग्रेस कह रही है कि आबादी तय करेगी कि पहला हक किसका होगा, यानी क्या अब अल्पसंख्यकों का हक कांग्रेस कम करना चाहती है।



मोदी ने आगे कहा कि आबादी के हिसाब से ही तय होने वाला है तो पहला हक किसका होगा। कांग्रेस वाले स्पष्ट करें कि आबादी के हिसाब से हक मिलेगा क्या, तो क्या अल्पसंख्यकों को कांग्रेस हटाना चाहती है, तो सबसे बड़ी आबादी वाले हिंदू आगे बढ़कर अपने सारे हक ले लें क्या। पीएम ने बिहार में जातिगत जनगणना जारी होने के एक दिन बाद जगदलपुर में संकल्प रैली के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। इससे पहले उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को पांच सालों में अपराध का गढ़ बना दिया। यहां विकास या तो बैनर-पोस्टर में दिखता है या कांग्रेस नेताओं की तिजोरी में।

#### छत्तीसगढ़ में फिर डबल इंजन की जरूरत

*प्रदेश में विकास का डबल इंजन फिर लगेगा तो यहां विकास की बयार बहेगी। भ्रष्टाचारी कितना भी बड़ा नेता हो, भाजपा की सरकार उसे जेल में डालेगी। छत्तीसगढ़ कह रहा है अब अऊ नहीं सहिबो। ये दारी सरकार ल बदलबलो।*

#### हक मांगने वालों को जेल में डाल देती है कांग्रेस

*छत्तीसगढ़ में अलग-अलग समाज अपना हक मांग रही है, लेकिन यहां की सरकार उनको हक देना तो छोड़ उन्हें पकड़कर जेल में डाल देती है। भाजपा की सरकार आएगी तो सभी को उनका हक मिलेगा।*

#### कांग्रेस का एक देश के साथ गुप्त समझौता

*कांग्रेस ने आज तक खुलासा नहीं किया है कि उसने एक देश के साथ गुप्त समाझौता की है। कांग्रेस को पार्टी के नेता नहीं चला रहे हैं। इनके बड़े नेताओं के मुंह में ताला लग गया है। पर्दे के पीछे से जो कांग्रेस को चला रहे हैं वो देश विरोधी ताकतों से जुड़े हैं।*

#### मोदी के भाषण की प्रमुख बातें

*पूर्व पीएम मनमोहन सिंह जी कहा करते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है, उसमें भी मुसलमानों का है। अब कांग्रेस कह रही है कि आबादी तय करेगी कि पहला हक किसका होगा यानी क्या अब अल्पसंख्यकों का हक कांग्रेस कम करना चाहती है।*

#### छत्तीसगढ़ को पांच साल में भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया

*जब से कांग्रेस की सरकार आई है, तब छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार का बोल बाला है। यहां विकास या तो बैनर-पोस्टर में दिखता है, या तो कांग्रेस नेताओं की तिजोरी में। भाजपा की सरकार आएगी तो भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

#### इतने बड़े कार्यक्रम में न सीएम न डिप्टी सीएम

*छत्तीसगढ़ को 25 हजार करोड़ रुपए की नगरनार प्लांट की सौगात मिली है। इससे यहां के 50 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलेगा, लेकिन इस कार्यक्रम में न तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे न डिप्टी सीएम सिंहदेव। कांग्रेस के लोगों की यही आदत है।*

## मोहभट्ठा में फैक्ट्री के विरोध में ग्रामीण हुये लामबंद



**भाटापारा।** ग्राम मोहभटठा मे स्पंज संयंत्र लगाने का पुरजोर विरोध ग्रामीणों द्वारा निरंतर किया जा रहा है। गांव मे विगत दिनों बैठक हुई जिसमे मोहभटठा, दावनबोड़ खरगाडीह व कुकराचुंदा तक बाईक रैली निकालकर स्पंज आयरन फैक्ट्री के विरोध मे जमकर नारेबाजी की गई व किसी भी सूरत मे गांव मे फैक्ट्री नहीं लगाने देने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक मे हेमंत वर्मा, हरीश वर्मा, घनश्याम वर्मा, भीखम वर्मा, दिनेश वर्मा, विरेन्द्र वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा व गरीबा साहू सहित बडी संख्या मे गांववासी उपस्थित थे। उक्त फैक्ट्री के विरोध मे सर्वदलीय मंच के रमेश सोनी ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दामाखेड़ा धर्म स्थल के आस पास के 10 किलोमीटर क्षेत्र मे किसी भी किस्म की फैक्ट्री के लिये अनुमति नहीं देने की बात कहीं है ऐसे में मोहभटठा मे संयंत्र कैसे लग सकता है यह विचारणीय प्रश्न है।

# भाटापारा में छोटे नोटों की भारी किल्लत

### नोट के अभाव में अनावश्यक वस्तुओं को क्रय करना पड रहा है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर मे इन दिनो पांच दस व बीस रूपये के नोटो की भारी किल्लत होने से लोगों को लेन देन मे असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उक्त संबंध मे बताया जाता है कि वर्षो पुराने स्थानीय स्टेट बैंक की कामर्शियल शाखा से चेस्ट सुविधा का अन्य स्थान पर स्थानांतरण होने के बाद शहर मे दस बीस व पांच रूपये के नोटो की भारी किल्लत मची है छोटे नोटो के शहर के बाजार मे उपलब्ध नहीं होने से लोगों को परेशानियो से जूझना पड़ रहा है खासकर



सब्जी बाजार, किराना दुकान, होटल, पान दुकानो व अन्य व्यवसाय के दुकानदारो को छोटे नोट के किल्लत के कारण वस्तु विनियम का सहारा लेना पड़ रहा है।

### उज्ज्वला सिलेंडर पर 300 रुपये सब्सिडी

# छत्तीसगढ़ के 25 लाख लोगों को होगा फायदा, अब रायपुर में 674 रुपए में मिलेगा

**रायपुर.** केंद्र सरकार ने बुधवार 4 अक्टूबर को उज्ज्वला योजना में 14.2 किलो वाले LPG सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी को 200 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए करने की घोषणा की है। रायपुर में सब्सिडी के साथ यह सिलेंडर पहले 774 रुपए में मिल रहा था, अब 674 रुपए में मिलेगा। छत्तीसगढ़ में इस योजना 2018 के लिए अब तक कुल 25.87 लाख बीपीएल महिलाओं को गैस कनेक्शन जारी किया गया है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में 10 लाख गैस कनेक्शन बीपीएल महिलाओं को जारी किया गया था। वित्तीय वर्ष 2017-18 में 9.34 लाख बीपीएल कार्डधारक महिलाओं को गैस कनेक्शन जारी किया गया था। वर्ष



2018-19 अक्टूबर 2018 तक 6.52 लाख गैस कनेक्शन जारी किये गये थे।

#### ये हैं देश के आंकडे

उज्जवला योजना के तहत अब तक देश में 9.6 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इस स्कीम को 1 मई 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया में लॉन्च किया गया था। इस योजना की सब्सिडी पर वित्त वर्ष 2022-23 में 6,100 करोड़ खर्च हुए थे।

#### अगस्त 200 रुपए घटाए थे

इससे पहले अगस्त में रक्षाबंधन से ठीक पहले सरकार ने एलपीजी सिलेंडर के दामों में 200 रुपए की कटौती की थी। ये कटौती सभी के लिए की गई थी। इस कटौती के बाद भोपाल में बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर की कीमत 1108.50 रुपए से घटकर 903.50 रुपए हो गई थी। योजना के तहत लाभार्थियों को पहली बार में गैस सिलेंडर और गैस चूल्हा फ्री में दिया जाता है। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है। अब तक देश में 9.6 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

# भाटापारा क्षेत्र पानी पानी हुआ

## चौथे दिन भी शिवनाथ नदी सेमरिया घाट में बाढ़ की स्थिति से यातायात बाधित रहा, अनेक घरों में घुसा बारिश का पानी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

*भाटापारा। शनिवार व रविवार रात्रि को हुई अचानक बारिश ने एक बार फ़िर शहर मे जगह जगह जल जमाव की स्थिति पैदा कर दी है कृषि उपज मंडी रोड़ मे जहां जल भराव पुनरू हो गया था वहीं कुर्मी बोर्डिंग से कईहा तालाब की ओर जाने वाली सड़क पर अभी भी जल भराव होने से लोगों को आवाजाही मे दिक्क़तो से जूझना पड़ रहा है।*



इसी प्रकार नगर के एक मात्र मोती गार्डन मे भी जल भराव होने से वहां पर अव्यवस्था का माहौल बन गया है सर्वाधिक जल भराव पुराना गंज सभा स्थल पर है जहां एक बडे भू-भाग पर पानी भरे होने से जलाशयनुमा माहौल उत्पन्न हो गया है इसी तरह हथनीपारा स्थित लोकोत्सव मैदान, कृषि उपज मंडी समीप स्थित बस स्टैड परिसर, तथा कालेज रोड़ के अनेक घरो मे बरसाती पानी प्रवेश कर गया है जिससे लोगों को दिक्क़तो से दो चार होना पड़ रहा है। इसी प्रकार हटरी बाजार स्थित रेल्वे अंडरब्रिज की दिवार से पानी रिसने की शिकायत है वहीं अंडरब्रिज के उपर से भी आने जाने वालो के उपर पानी गिर रहा है वहीं कुछ हद तक अंडरब्रिज मे जल जमाव की स्थिति भी है इसी तरह के हालात अनेक स्कूलों व खेल मैदान सहित कुछ अन्य स्थलो पर भी है इधर चौथे दिन भी आज भाटापारा बिलासपुर मार्ग स्थित शिवनाथ नदी सेमरिया घाट पुल के डूबे रहने से यातायात प्रभावित रहा। लोग देवरी के आगे नहीं जा पा रहे है क्योकि सेमरिया घाट पुल पर समाचार लिखे जाने तक सात फीट उपर पानी चढने से आवागमन अवरूद्ध है। यह विदित रहे कि इस वर्षा ऋतुकाल मे सेमरिया घाट पुल लगभग 5 से अधिक बार 15 दिन के लिये बंद चुका है जिससे भारी वाहन यात्री वाहन एवं माल परिवहन करने वाले अन्य वाहनो के साथ साथ दुपहिया वाहन चालक आ जा नहीं पा रहे है भाटापारा का सीधा सड़क संपर्क बिलासपुर, बेमेतरा, मुंगेली जिलों से पूरी तरह टूट चुका है इस तरह पिछले कुछ दिनो से हो रहीं बारिश से खेती को जरूर फायदा हुआ है लेकिन आम जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। जगह जगह जल भराव से कोई भी वार्ड मोहल्ला व गली एवं रिहायशी कालोनी नहीं बचा है सांई विहार कालोनी मे भी जल भराव की स्थित से लोगों को आवाजाहीं मे तकलीफो से जूझना पड़ रहा है नगर सीमा मे लगे गांव खोलवा मे सड़क पर चार से पांच फीट के लगभग पानी जमाव होने से लोगों को तकलीफो से जूझना पड़ रहा है इसी प्रकार के हालात कुछ अन्य गांवो मे भी उत्पन्न हो गया है लोग अब पानी के रूक जाने की प्रार्थना करने लगे है।

# भूपेश सरकार हर मोर्चे पर फेल - अरूण साव




**भाटापारा।** क्षेत्र मे भाजपा की परिवर्तन यात्रा सोमवार को पहुंची जहां एक विशाल आम सभा को संबोधित करते हुये प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव ने छ.ग. की कांग्रेस शासित भूपेश सरकार को हर मोर्चे पर असफल बताते हुये जमकर हमला बोला व कहा कि भाटापारा सहित संपूर्ण प्रदेश मे कांग्रेस के विरूद्ध परिवर्तन की प्रचंड वेग चल रहीं है जिससे यह तय है कि प्रदेश मे पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार सत्ता पर काबिज होगी। देर रात तक सभा समाप्त होने के बाद परिवर्तन यात्रा मे शामिल होने आये दिग्गज भाजपा नेताओं का रात्रि विश्राम भाटापारा मे हीं हुआ। मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता मे भाजपा नेताओं ने भूपेश सरकार को जमकर कोसा। प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने कहा कि प्रदेश को भूपेश, अकबर व ढेबर ने जिस तरह लूटा है उसके कारण छ.ग. अपराध व नशे का गढ बन गया है प्रदेश मे विकास के सारे काम ठप्प पड गया है। वहीं गरीबो के आवास योजना का कार्य भी प्रदेश की भूपेश सरकार के कारण हीं ठप्प है छत्तीसगढ मे बढते अपराध बढती नशाखोरी बढती बेरोजगारी बढते धर्मांतरण एवं राज्य का बढता हुआ कर्ज यह साबित करता है कि भूपेश सरकार पूरी तरह प्रशासनिक रूप से फेल हो चुकी है। प्रदेश मे विकास के एक भी कार्य नहीं हो रहे है। प्रदेश का विकास थम सा गया है इसलिये छत्तीसगढ की जनता की खुशहाली के लिये परिवर्तन आवश्यक है। पत्रकार वार्ता मे उपस्थित क्षेत्रिय विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रदेश की सरकार अपने किये गये वादे से मुकरने वाली सरकार है भूपेश बघेल ने अपनी घोषणा का जिला अब तक भाटापारा को नहीं बनाया है भाजपा शासन आने के बाद भाटापारा को पृथक जिला का दर्जा दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उक्त वार्ता मे महेश गागड़ा, सनम जांगडे, सुनील सोनी, लक्ष्मी वर्मा, अमित चिम्नानी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाटापारा के खिलाड़ियों ने जीता पदक



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता मे भाटापारा क्षेत्र के बालक बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमे 14, 17 व 19 वर्ष वाले तीनो वर्ग के बालक बालिकाओं ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। जिसमे डोमेंद सेन, चंद्रकांत, आदित्य देवांगन, निखिल, धानेंद्र, योगिता साहू, ट्विंकल साहू, अनुषा पंसारी, मुस्कान दिवाकर, डिंपल समतानी, कुस्मिता चतुर्वेदी, सुजल देवांगन, राहुल धीवर, मोहन साहू, निखिल साहू, आयुष सिंह, शौर्य साहू, भूमिका देवांगन, निधि साहू, कृति साहू, ममता साहू, अंकिता कामरी, अफ्सा बेगम, मेराज खान, भीषम ध्रुव, वीरेंद्र साहू, सूरज साहू, कृष्णा यदु, लालाराम यादव, टनिसा साहू, राजकुमारी भारती, गायत्री साहू, रागनी साहू, नीलम गजेंद्र, तनिषा नामदेव व चंचल यदु शामिल हुये। उनका चयन आगे की प्रतियोगिता के लिये किया गया है। उक्त बालक बालिकाओं की सफलता पर सहायक संचालक क्रीड़ा अनिल मिश्रा, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राकेश शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी आर के सोनी, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर, बीईओ रामजी पाल, एबीईओ भास्कर देवांगन, मुन्ना लाल नेताम, हरीश देवांगन, सुधांशु मिश्रा, शैलेंद्र नामदेव, बाबू मैथ्यू, प्रीति ताम्हणे, फादर सिरियक, एन एल बाजपेई, दीपक वर्मा, आलोक गुप्ता, राजकुमार मल, विनोद शर्मा, अविचल पांडे, यास्मीन अफरोज, सुरेश राव, आदित्य ठाकुर, सुनील यदु, निर्मल जांगड़े, उमा प्रसाद, परिचय मिश्रा, चंद्रकांत बागड़े, सोनचंद ध्रुव, फिरोज टंडन, राजेश नामदेव, महेश्वरी पंसारी, स्वाति वर्मा, हीना यादव, डिकेशवरी, मनोज साहू, आकाश आनंद, प्रदीप कर्ष, पंकज साहू, सुमन साहा, ओमकुमार, चित्ररेखा साहू, नेहा पटेल व शरद पंसारी आदि ने बधाई दी है।

# तंबाकू नियंत्रण की दिशा में 'एमपावर' नीति को लागू करने में छत्तीसगढ़ अग्रसर

**- प्रदेश को तंबाकू और धूम्रपान मुक्त राज्य बनाने के लिए डब्ल्यूएचओ की निर्धारित रणनीति पर हो रहा कार्य**

रायपुर। वैश्विक तंबाकू महामारी से निपटने के लिए दुनिया भर में कई तरह के सार्थक उपाय किए जा रहे हैं, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डब्ल्यूएचओ) की एमपावर नीतियों पर आधारित हैं। इसके आधार पर ही देश में तंबाकू नियंत्रण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश भी इससे अछूता नहीं है। छत्तीसगढ़ राज्य को तंबाकू और धूम्रपान मुक्त राज्य बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जाए जा रहे हैं।

साथ ही छत्तीसगढ़ एमपावर के सभी 6 उपायों में अग्रसर है और प्रदेश के लोगों को इसका लाभ भी मिल रहा है। हालांकि कुछ चुनौतियां भी हैं, मगर विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक तंबाकू महामारी से बचने/ और सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध नियम को सख्ती से लागू करने के लिए सामूहिक प्रयास बहुत जरूरी है।

एमपावर रणनीति के सभी 6 सिद्ध नीतियों पर कार्य करते हुए प्रदेश ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। विशेषकर राज्य के दो जिले धमतरी एवं कोंडागांव के स्कूल पूर्णतः तंबाकू मुक्त स्कूल के रूप में अग्रसर हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी के 91 प्रतिशत यानि 1556 स्कूल और कोंडागांव के 55 प्रतिशत यानि 1091 स्कूल तंबाकू मुक्त हो चुके हैं, शेष स्कूल भी शीघ्र ही तंबाकू मुक्त हो जाएंगे। इसी तरह राज्य के अन्य जिलों के शैक्षणिक संस्थान तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान बनने की दिशा में अग्रसर हैं। तंबाकू उपयोग की निगरानी के लिए राज्य तंबाकू नियंत्रण यूनिट लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए जिला स्तर पर निगरानी समितियों जिला समन्वय समिति का गठन किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य कर रहा है। जिसका परिणाम रहा है कि वर्ष 2023-24 में वर्तमान में 1732 लोगों पर कार्रवाई हुई है और 2,73,425 रूपया का चालान काटा गया है।

साथ ही राज्य में अबतक 6,172 स्कूल तंबाकू मुक्त घोषित किए जा चुके हैं और ग्राम पंचायतों को भी तंबाकू मुक्त किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त गतिविधियों की सतत निगरानी, चलानी कार्यवाही एवं अधिक से अधिक संस्थान तबाकू मुक्त संस्थान घोषित हो इसके लिए गंभीर रूप से निरंतर प्रयास किए जा रहें तंबाकू नियंत्रण की दिशा में अग्रसर छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन TMA ( टोबैको मोनिटरिंग एप) के माध्यम से भी सतत निगरानी की जा रही है। वहीं सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों पर खड़े उतरने वाले संस्थानों को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान भी घोषित किए जा रहें हैं। सरकार के प्रयासों के प्रतिफल प्रदेश के 33 जिलों में तंबाकू नशा मुक्ति केन्द्रों (TCC) खोले गए हैं और इसके माध्यम से तंबाकू और धूम्रपान सेवन के गिरफ्त में फंसे लोगों को इस बुरी लत को छुड़वाने में मदद की जा रही है।

राज्य सरकार ने एमपावर रणनीति को और प्रभावी बनाने एवं तंबाकू मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के संदर्भ में एक ओर असरकारी कदम उठाए जिसके तहत ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त घोषित करने के लिए तत्कालीन ग्राम पंचायत मंत्री टीएस देव द्वारा पहल की गई है। राज्य सरकार ने इस संदर्भ में मार्ग दर्शिका भी जारी की है। जिसके तहत 2 अक्टूबर के साथ ही नवंबर और जून में ग्राम सभा का आयोजन करने के प्रावधान किए हैं। जिसमें तंबाकू मुक्त ग्राम सभा के क्षेत्र हुए प्रगति हेतु समीक्षा के संदर्भ में प्रावधान हैं। माननीय डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव का स्पष्ट मत है कि शैक्षणिक एवं अन्य संस्थान, तंबाकू मुक्त होने चाहिए।

इसके अलावा ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लागू होने साथ भारत वर्ष में बिलासपुर पहला जिला जिसने ई-सिगरेट के संदर्भ में पहली कार्यवाही की। हुक्का बार पर कानूनी प्रतिबंध लगाने में छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी राज्य है। जशपुर को 26 जनवरी 2020 को तंबाकू मुक्त जिला घोषित किया गया। राज्य सरकार ने सिगरेटों की खुली बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है।



**- विशेषज्ञों का है कहना 'वैश्विक तंबाकू महामारी से बचने के लिए करना होगा और सामूहिक प्रयास, दूर होंगी चुनौतियां'**

**- आम लोगों से तंबाकू मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की विशेषज्ञों ने की अपील**

## एमपावर रणनीति-

डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक तंबाकू महामारी से निपटने के लिए छह सिद्ध रणनीति बनाई है। जिसमें

1. M यानि तंबाकू के उपयोग और रोकथाम नीतियों की निगरानी करना,
2. P यानि लोगों को तंबाकू के धुएं से बचाना,
3. O यानि तम्बाकू का सेवन छोड़ने वालों की सहायता की पेशकश करना,
4. w यानि तम्बाकू एवं तंबाकू सेवन के खतरों के बारे में चेतावनी देना, लोगों में प्रचार प्रसार के माध्यम से जागरूकता लाना
5. यानि तम्बाकू विज्ञापन, प्रचार और प्रसार पर प्रतिबंध को लागू करना और
6. ऋ यानि तम्बाकू एवं तंबाकू उत्पादों पर कर बढ़ाना आदि।

## क्या कहते हैं विशेषज्ञ–

राज्य नोडल अधिकारी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. कमलेश जैन ने कहा डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक तंबाकू महामारी से निपटने के लिए छह सिद्धरणनीति एमपावर (MPOWER) बनाई है राज्य में उसका पूरी तरह पालन किया जा रहा है। जिसके तहत तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 कोटपा के प्रावधानों के क्रियान्वयन एवं उनके उल्लंघन होने पर कार्रवाई को बेहतर किए जाने के लिए 'टोबैकोमॉनिटरिंग ऐप' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से भी मॉनिटरिंग की जार ही है। इस से चलानी कार्रवाई किए जाने का दायरा बढ़ेगा और सभी सक्षम अधिकृत अधिकारियों द्वारा चलानी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी। राज्य में मितानिनों के भी मदद से तंबाकू नियंत्रण की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। राज्य में अंतर्विभागीय समन्वय के माध्यम से ही तम्बाकू उत्पाद प्रतिबंधनीतियों कोटपा एक्ट 2003 के साथ ही हुक्का बार के लिए कोटपा छत्तीसगढ़ ( संशोधन) अधिनियम 2021 (हुक्काबारकानून) एवंई-सिगरेट प्रतिबंध अधिनियम 2019 को भी प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा। साथ ही राज्य को तंबाकू और धूम्रपान मुक्त बनाने के लिए अतिआवश्यक कदम भी उठाए जा रहे हैं। साथ ही साथ डॉ. जैन ने सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध की 15 वीं वर्षगांठ 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आम जन से प्रदेश को तंबाकू मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की अपील की। तंबाकू या तंबाकू युक्त उत्पादों सेवन का नशा और धूम्रपान छुड़वाने में सक्रिय एसोसिएटप्रोफेसरडेंटल कॉलेज रायपुर एवं स्टेट मास्टरट्रेनरटो बैको कंट्रोल प्रोग्राम, डॉ. शिल्पा जैन कहती हैं नशा पान की पहली सीढ़ी तंबाकू और धूम्रपान का सेवन करना ही है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि 13 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चे प्रदेश में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं और महिलाएं ( उम्रदराज ) तक इन उत्पादों के सेवन से अछूती नही हैं। हालांकि पुरूषों के मुकाबले इनकी संख्या कम है, परंतु इनकी पहचान करना, उन्हें इलाज के लिए प्रेरित करना और उनकी काउंसिलिंग कर उनके मन में तंबाकू सेवन नहीं करने के विचारों को पनपने से रोकना सबसे बड़ी चुनौति है। टीसीसी केन्द्रों में धूम्रपान या तंबाकू सेवन की आदत छोड़ने आने वालो की संख्या का फीकम है। और जो पहुंचते हैं वह रेग्युलर परामर्श के लिए नहीं पहुंचते हैं जिसकी वजह से राज्य की धूम्रपान या तंबाकू सेवन करने वालों की संख्या कम है।

वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बिनॉयमैथ्यू ने कहा, तंबाकू नियंत्रण की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय प्रयास किए जार हे हैं। इसी कड़ी में 2 अक्टूबर 2008 को सार्वजनिक स्थानों परधूम्रपान निषेध किया गया था। 15 वर्ष हो गए है इस कानून को जिस पर सख्ती की आवश्यकता है। विशेषकर जुर्माने की राशि को बढ़ाया जाना और होटल, एयरपोर्ट आदि सार्वजनिक स्थल पर स्मोकिंग जोन को हटाना चाहिए और 2008 में बने कानून का सख्ती से पालन करना चाहिए।

## क्यूं तंबाकू से दूरी है जरूरी

तंबाकू ना सिर्फ आपके शरीर को अस्वस्थ बनाता है बल्कि आपकी अकाल मौत का मुख्य कारण भी बनता है। तंबाकू प्रोडक्ट के सेवन से शरीर पर अनेकों प्रकार के दुष्प्रभाव पड़ते हैं निम्नलिखित प्रभाव जो आम तौर पर दिखती है –

1- हृदय रोग
2- हाई ब्लड प्रेशर
3- फेफड़ों का कैंसर
4- आंख का कैंसर
5- लिवर और मुंह का कैंसर
6- दांत खराब होना
7- कमजोर बाल
8- ऑक्सीजन की मात्रा कम होना
9- मस्तिष्क और मांसपेशियां कमजोर होना
10- फेफड़ों में म्यूकस कोशिकाओं की वृद्धि
11- आंखों की रोशनी कमजोर होना, जिससे मोतियाबिंद, ग्लूकोमा और डायबिटिक रेटीनोपैथी हो सकती है।
12-तंबाकू के सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम होती है।

**- सौजन्य -अवधेश कुमार मलिक**



# रेल प्रशासन ने एक बार फिर गरीब व मध्यम वर्ग की ट्रेन को रदद किया

## दैनिक रेल यात्री सहित अन्य वर्ग के लोग हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** ट्रेन से सफर करने वाले रेल यात्रियों की परेशानी लगातार बढती जा रहीं है रेल्वे ट्रेक के रख रखाव व अन्य कार्यो की वजह बताते हुये रेल प्रशासन द्वारा एक बार फिर गरीब व मध्यम वर्ग की महत्वपूर्ण यात्री ट्रेन क्रमांक 08746 रायपुर गेवरा रोड़ लोकल को आगामी 5 अक्टूबर गुरूवार तक के लिये रदद कर दिया गया है। वहीं 08745 गेवरा रोड़ रायपुर मेमू पैसिंजर ट्रेन को आगामी 6 अक्टूबर शुक्रवार तक की अवधि के लिये निरस्त कर दिया गया है। अप डाउन दिशा की उक्त महत्वपूर्ण ट्रेन को रदद किये जाने से रायपुर उरकुरा, मांढ़र, सिलयारी, बैकुंठ, तिल्दा नेवरा, हथबंद, भाटापारा, निपनिया, दगोरी, बिल्हा, चकरभांठा, दाधापारा व बिलासपुर के बीच के रेल्वे स्टेशनो से हजारो की संख्या मे आवाजाहीं करने वालो को परेशानी का सामना करना पडेगा। भाटापारा रेल्वे स्टेशन से प्रतिदिन रोजी रोजगार व अन्य कार्यो से हजारो रेल यात्री जो कि रायपुर बिलासपुर की ओर यात्रा करते है उन्हे लगभग 11 दिन तक परेशानी से जूझना पडेगा खासकर रायपुर से अपना काम निपटाकर आने वाले रेल यात्रियों को और अधिक परेशानियों का सामना करना पडेगा। रेल प्रशासन एक लंबे समय से विभिन्न यात्री ट्रेनो को कोई न कोई कार्य बताकर लगातार रदद कर रहा है जिससे दैनिक रेल यात्री, व्यवसायी, छात्र-छात्रायें बीमार मरीज व सब्जी विक्रेताओं एवं अन्य रोजगार से जुडे हुये लोग जो कि रोजाना आना जाना करते है उन्हे दिक्कतो से जूझना पड़ रहा है इसके पूर्व भी रेल प्रशासन द्वारा अलग अलग तारीखों मे उधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस, अमृतसर कोरबा छत्तीसगढ एक्सप्रेस, निजामुददीन रायगढ गोड़वाना एक्सप्रेस, रायगढ निजामुददीन गोडवाना एक्सप्रेस व दुर्ग उधमपुर एक्सप्रेस को रदद करने का ऐलान कर रखा है इस तरह छत्तीसगढ राज्य मे ज्यादातर ट्रेनो के रदद किये जाने से आम रेल यात्री हलाकान हो रहे है खासकर ट्रेनो के रदद होने से गरीब व मध्यम वर्ग के लोग ज्यादा परेशान हो रहे है क्योकि वे सड़क मार्ग से महंगी यात्रा करने मे सक्षम नहीं है।

## अजय साहू का सम्मान किया गया




भाटापारा। छतीसगढ राज भाषा आयोग का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन संपन्न हुआ जिसमे नगर के साहित्यकार अजय साहू का सम्मान डॉ.अनिल भतपहरी व डॉ. केशरी लाल वर्मा के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम मे चोवाराम वर्मा, रामकुमार साहू, नरेंद्र वर्मा, मनीराम साहू, अनिल जांगड़े, कौशल साहू, संदीप पांडे, कन्हैया साहू, पोखनलाल जायसवाल, पूरनलाल जायसवाल, कन्हैया लाल श्रीवास, जगदीश साहू, दीपक तिवारी, हेमंत कुमार, नरेंद्र वर्मा व अशोक जायसवाल उपस्थित थे।

## बीआरसी भवन में बहुविकलांगता से संबंधित बच्चों का परीक्षण



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कार्यालय विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समग्र शिक्षा मे गत दिनो समावेशी शिक्षा के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं का उपकरण आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित, मानसिक दिव्यांग, बहुविकलांगता से संबंधित बच्चों का परीक्षण किया गया। शिविर मे भाटापारा विकासखण्ड से 53 बालक बालिका एवं पालकों तथा सिमगा विकासखण्ड से 40 बालिका बालक एवं पालकों के द्वारा अपने बच्चों का परीक्षण कराया गया। इस शिविर हेतु राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर छ.ग. के आदेशानुसार चयनित टीम के डाक्टरो द्वारा किया गया। उक्त शिविर मे डॉ. वसीम रजा, डॉ. सुषमा माहेश्वरी, डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी व डॉ. गणेश वर्मा ने दिव्यांगत छात्र-छात्राओं का परीक्षण कर आवश्यक सलाह प्रदान करते हुये आगामी समय मे संबंधित छात्र-छात्राओं को आवश्यक उपकरण परियोजना कार्यालय से प्रदान किया जायेगा। उक्त शिविर मे बीईओ रामजी पाल, एबीईओ भास्करचंद देवांगन, मुन्ना सिंग नेताम, बीआरसी लेखराम साहू, सहसराम पाटकर, बीआरपी प्रीति देशमुख, अर्चना यादव, हुबीराम वर्मा, संकुल समन्वयक सालिक राम साहू, टीकमदास मानिकपुरी, मुकेश देवांगन, उमेशकांत मरकाम, लालाराम व दीपक कुमार सहित शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### साहू समाज द्वारा विश्व तेली दिवस मनाया गया




**भाटापारा।** तरेंगा रोड़ नाका नंबर स्थित साहू छात्रावास व गुरु नानक वार्ड में नगर साहू समाज के द्वारा विश्व तेली दिवस मनाया गया। उक्त अवसर पर उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, तिलक साहू, पीलाराम साहू, नारायण साहू, मनीराम साहू, देवेंद्र साहू अशोक साहू, भंवरलाल साहू, जीतनारायण साहू, नीरा साहू व बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### कमलाकांत इंस्टीटयूट में प्रवेश प्रारंभ

**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट मे ऑन लाईन प्रवेश हेतु प्रक्रिया चालू है। उक्त इंस्टीटयूट मे बीकाम, बीकाम कम्प्यूटर, बीए, बीएससी, बीसीए, डीसीए व पीजीडीसीए के अंतर्गत ऑन लाईन आफलाईन पोर्टल 27 सितंबर तक खुली रहेगी।

### महिला आरक्षण का स्वागत किया बीजेपी नेताओं ने



MANINDER

**भाटापारा।** नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा संसद के दोनो सदनो से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के विधेयक को पास कराये जाने का स्थानीय भाजपा नेताओं ने स्वागत किया है। उक्ताशय की जानकारी मंडल अध्यक्ष मनेन्द्र सिंग गुम्बर ने देते हुये बताया है कि उक्त विधेयक से महिलाओं मे हर्ष का वातावरण व्याप्त है।

### मंडी क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यो की स्वीकृति



**भाटापारा।** मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के प्रयास से सिमगा, सुहेला एवं भाटापारा मे स्वागत द्वार बनाये जायेंगे इसके तहत उक्त तीनो स्थलो पर द्वार का निर्माण किया जायेगा। सिमगा मे ग्राम औरेठी के पास तथा सुहेला मे भाटापारा जाने वाले रास्ते के पास एवं बलौदाबाजार पहुंच मार्ग मे उक्त गेट का निर्माण किया जायेगा इसी तरह ग्राम तरेंगा, ढेकुना तथा मोपका मे धान उपार्जन केन्द्र तक सड़क निर्माण किया जायेगा।

### अक्षय का चयन नीट पीजी में



**भाटापारा।** स्थानीय श्रीराम मेडिकल स्टोर्स के संचालक नरेन्द्र देवांगन के पुत्र डॉ. अक्षय देवांगन का चयन नीट पीजी मे हुआ है। उक्त छात्र प्रारंभ से मेघावी रहे है। उन्होने एमबीबीएस की परीक्षा जुलाई से उत्तीर्ण की है तथा उनका चयन पीजी एमडी मेडिसिन सिम्स बिलासपुर मे हुआ है। अक्षय देवांगन के चयन पर परिवार सहित शुभ चिंतको मे हर्ष का माहौल व्याप्त है व लोगों ने छात्र को बधाई प्रेषित की है।

### मुस्लिम समाज के द्वारा रक्तदान किया गया



**भाटापारा।** स्थानीय मुस्लिम समाज के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ. विक्रम आदिल, विवेक राज ठाकुर, डीके वर्मा, रितेश शर्मा, रसीद चौहान, जमील खान, युनूस अहमद, शरीफ खान, कलाम बांठिया, सिद्दिक चौहान, फरहान खोखर, साबिर चनीजा व सददाम खान सहित बडी संख्या मे मुस्लिम समाज के युवा उपस्थित थे।

# सूमाभांठा में कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में जुटी भीड़

## मल्लिकार्जुन खड़गे सहित भूपेश बघेल ने भाजपा को लिया आड़े हाथ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




भाटापारा। शहर के नजदीक सूमाभांठा मैदान मे कृषक सह श्रमिक सम्मेलन मे पूर्व केन्द्रीय रेल मंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरूवार को आयोजित एक भीड़ भरी सभा मे भाजपा पर जमकर हमला बोला व कहा कि भाजपा वाले गरीबो को खत्म कर रहे है व अमीरों को प्रश्रय दे रहे है यही कारण है कि 65 प्रतिशत संपती देश के 5 प्रतिशत लोगों के पास है वहीं 3 प्रतिशत संपती पर 95 प्रतिशत लोग गुजारा कर रहे है।

खडगे ने कहा देश मे महिलाओं को सबसे ज्यादा बढावा कांग्रेस ने दिया पहली राजनेत्री कांग्रेस की सरोजनी नायडू रहीं वहीं पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं पहली महिला राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल कांग्रेस ने हीं बनाया और तो और छत्तीसगढ की पहली महिला सांसद करूणा माता भी कांग्रेस की देन है। भाजपा कांग्रेस की नीतियों नकल कर प्रचार प्रसार करती है भाजपा सिर्फ भ्रमित करने के काम मे लगी है। उक्त सभा को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संबोधित करते हुये कहा कि 24 लाख 52 किसानो के खाता मे 1895 करोड़ रूपये डाले गये है राजीव गांधी किसान न्याय योजना का पैसा खडगे जी के हाथ से आपके खाते मे आज डाल रहे है प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर वर्ग के हित मे काम कर रहीं है। बिजली बिल हाफ योजना, 20 लाख अतिरिक्त राशन कार्ड का निर्माण, बेरोजगारी भत्ता, गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को करोड़ो रूपये का भुगतान तेन्दू पत्ता बोनस सहित अन्य वनोपज की खरीदी एवं आने वाले धान खरीदी सत्र मे धान खरीदी 15 क्विंटल से बढाकर 20 क्विंटल करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश मे ऐसी नीति बनाई है कि रमन राज मे बंद हो रहे राईस मिलो को नवजीवन कांग्रेस शासन काल मे मिला जिसके कारण अब स्थिति यह है कि प्रदेश मे 600 नये राईस मिल खुल गये है जिसमे 60 हजार लोगों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। शिक्षित बेरोजगार युवाओं के हित मे शासन ने विभिन्न विभागों मे 42 हजार से अधिक पदो के लिये वेकेंसी निकालकर उन्हे शासकीय नौकरी देने का मार्ग प्रशस्त किया है। भाजपा ईडी, सीबीआई व अन्य एजेंसियो के माध्यम से कांग्रेस के नेताओं को डराने का प्रयास कर रहीं है कांग्रेसी भाजपा के हथकंडो को अच्छी तरह समझते है और वे डरने वाले नहीं। कार्यक्रम मे उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के अलावा कवासी लखमा, शिव कुमार डहरिया, अमरजीत भगत, रविन्द्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, मोहम्मद अकबर, जय सिंग अग्रवाल, कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा, चंदन यादव, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, मिल्कियत सिंग गेंदू, चन्द्रदेव राय, शकुंतला साहू के अलावा स्थानीय नेता सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, रामबिलास साहू, अरूण ताम्रकार, विद्याभूषण शुक्ला, हितेन्द्र ठाकुर, शैलेश नीतिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, शैली भांटिया, केके नायक सहित सैकड़ो की संख्या मे भाटापारा, मुंगेली, बेमेतरा, बलौदाबाजार, रायपुर, पलारी, बिलासपुर, कसडोल, नवागढ सहित अन्य स्थानो से आये हजारो कार्यकर्ता उपस्थित थे। उपरोक्त कार्यक्रम मे जिला कलेक्टर चंदन कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा सहित संपूर्ण प्रशासन का अमला व्यवस्था बनाने मे मुस्तैदी से जुटे रहा। सूमा भांठा मे विभिन्न स्थानो से आये एक हजार से अधिक पुलिस बल की तैनाती व्यवस्था के लिये की गई थी। सूमा की सभा के दौरान मुख्य अतिथि मल्लिकार्जुन खड़गे कृषि वैज्ञानिक डॉ.स्वामीनाथन की मृत्यु का संदेश प्राप्त हुआ जिसको सुनकर वे भावुक हो गये एवं सभा के दौरान हीं उन्होने उनके योगदान का उल्लेख करते हुये मंच मे बैठे लोगों के साथ साथ सभा मे उपस्थित लाखो की भीड़ को दो मिनट का मौन धारण कराकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



## संक्षिप्त समाचार

### हैपकीडो प्रतियोगिता में 130 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



**भाटापारा।** हैपकीडो संघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय हैपकीडो प्रतियोगिता मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा मातादेवालय स्टेडियम मे आयोजित की गयी। खेल मे जिले से 10 स्कूलों के 130 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वजन अनुसार खेले गये विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड पदक, सिल्वर पदक, कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गोल्ड मेडल प्राप्त खिलाड़ी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट खेलने जायेगे। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में उप पुलिस अधीक्षक सुसंता लकरा, कैलाश बालानी, रंजीत दावानी, यशवंत ध्रुव, परमानन्द सचदेव, नरेश आर्य, सुशील सबलानी, आर.के. फूटन, मुरलीधर राव, सुरेश किंगरानी, पी.सुरेश राव, पी.किरन, शकुन सचदेव, रचना पारप्यानी, शीतल आर्य, कोमल थदवानी, सुमन गोविंदानी, नेहा वर्मा, बलराम यादव व अन्नपूर्णा देवांगन आदि उपस्थित थे।

### राहुल गांधी के साथ सतीश अग्रवाल ने की ट्रेन यात्रा



**भाटापारा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को बिलासपुर नागपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के जनरल बोगी मे सवार होकर जैसे हीं भाटापारा स्टेशन पहुंचे स्टेशन परिसर मे उपस्थित सैकड़ो कांग्रेसियों ने नारेबाजी के साथ उनका स्वागत किया। भाटापारा स्टेशन मे निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल सहित अनेक लोग ट्रेन मे सवार होकर रायपुर तक गये इस दौरान राहुल गांधी ने जनरल बोगी के साथ साथ एस-1 से लेकर एस-6 तक अपनी ट्रेन यात्रा मे सभी यात्रियों से सहजता से मुलाकात करते हुये अनेक मुद्दो पर चर्चा की व आमजनो की समस्या भी पूछे। उक्त जानकारी इंटरसिटी एक्सप्रेस मे भाटापारा से रायपुर तक राहुल गांधी के साथ यात्रा पर गये सतीश अग्रवाल ने दी है।

### विश्व रेबीज दिवस मनाया गया




**भाटापारा।** स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका मे प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में विश्व रेबीज दिवस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के रेडक्रास इकाई व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अनुपम तिवारी, श्रीमती श्वेता शर्मा, सुश्री संध्या दीवान, डॉ आलोक तिवारी, डॉ शिवांगी पहाड़ी एवं गोपी पैंकरा प्राथमिक हेल्थ केयर सेंटर मोपका उपस्थित रहे। रेबीज से बचाव कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्यालय से आये हुये अधिकारियों ने छात्रों को रेबीज के प्रति जागरूक किया एवं उपचार बताये। इसके पश्चात जागरुकता अंतर्गत महाविद्यालय में रेबीज से बचाव संबंधित पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम भी कराये। पोस्टर मेकिंग में छात्र छात्राओं को पुरुस्कार प्रदान किये गये जिसमे युवराज, सरिता व हेमेश्वरी को पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रो. नारायण कुमार ध्रुव, प्रियंका पाटले, राजा राम धुर्वे, नेहा केरकेट्टा, तृप्ति साव, आकांक्षा वर्मा, युवराज दीक्षित, डॉ. अमित कुमार व बड़ी संख्या में छात्र छात्राऐं में उपस्थित थे।

# गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन प्रारंभ, शहर में डीजे व धुमाल की गूंज

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे 11 दिन के गणेशोत्सव समारोह के बाद गणेश विसर्जन का क्रम गुरूवार शाम से शुरू हो गया। विसर्जन के दौरान संपूर्ण शहर मे ढोल धमाके डीजे व धुमाल के साथ आतिशबाजी करते हुये युवाओं ने गणेश प्रतिमा को प्रमुख मार्गो से घुमाते हुये विसर्जन स्थल कल्याण सागर तालाब एवं सेमरिया घाट शिवनाथ नदी तट की ओर लेकर अच्छा खासा माहौल बनाया जिसके कारण अनेक स्थानो पर यातायात पर असर पड़ा महासती मंदिर से लेकर सदर बाजार तक गणेश विसर्जन जुलुस के कारण यातायात लगातार बाधित रहा इसी प्रकार की स्थिति गोविंद चौक, रामसप्ताह चौक से लेकर जय स्तंभ चौक की ओर देखने को मिला सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों के द्वारा मूर्ति विसर्जन का क्रम गुरूवार से प्रारंभ कर दिया गया है यह सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहेगा वहीं अपने अपने निवास स्थान मे गणेश की प्रतिमा स्थापित करने वाले लोगों ने अंतिम पूजा अर्चना व हवन करने के बाद छोटी मूर्तियों को लेकर भी विभिन्न वाहनो मे सेमरिया घाट शिवनाथ नदी की ओर गये जिसके कारण बिलासपुर मार्ग मे भारी भीड़ का माहौल सेमरिया घाट तक देखने को मिला। गणेश विसर्जन के चलते शहर मे आज पूजा पाठ मे लगे पंडितो की पूछ परख बढ गई कई लोग तो पंडित ढूंढते घूमते रहे अनेक लोग तो सिद्ध बाबा धौराभांठा, खपराडीह व तरेंगा जैसे अन्य गांव तक पंडित लेने गये व वहां से पंडितो को सम्मान के साथ अपने निवास व सार्वजनिक पंडालो मे लाकर हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। इसी तरह डीजे, धुमाल व बैड बाजा व ढोल ताशा वालों की आज जमकर पूछ परख हुई अनेक बाजा वाले तो निकट के गांव व कस्बो से बुलाये गये कुल मिलाकर गणेश विसर्जन को लेकर माहौल एक बार फिर उत्सव का बन गया है।

## शिवानी ने डिस्टेंशन अंक प्राप्त किया कमलाकांत इंस्टीटयूट में



*भाटापारा। स्थानीय कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट मे अध्ययनरत पीजीडीसीए कोर्स की छात्रा शिवानी चक्रधारी ने 76.08 प्रतिशत अंक के साथ डिस्टेंशन प्राप्त करते हुये परीक्ष उत्तीर्ण की है। ग्राम अमलडीहा के सामान्य कृषक परिवार की उक्त छात्रा की सफलता पर इंस्टीटयूट संचालक मनीष शुक्ला, डॉ. वंदना चौहान, वैभव गुप्ता, सुषमा दुबे, मोरध्वज जायसवाल, गुलशन कुमार, भूपेन्द्र यादव, गौकरण यादव व ओमप्रकाश साहू सहित अन्य लोगों ने छात्रा को बधाई प्रेषित की है।*

# पितृपक्ष शुरू, एक पखवाड़े तक श्राद्ध व तर्पण का सिलसिला चलेगा



**भाटापारा।** शुक्रवार 29 सितंबर से पितृपक्ष प्रारंभ हो रहा है जो कि आगामी 14 अक्टूबर तक चलेगा इस दौरान पितरो का श्राद्ध एवं तर्पण का कार्यक्रम शुरू हो जायेगा। पितृपक्ष के इस 15 दिनो मे पूर्वजो का श्राद्ध कर्म तर्पण व पिंड दान के नियमित पूजा करने का विधान है। पितृपक्ष को लेकर बाजार मे उड़द दाल, तेल, कुश व तिली आदि की बिक्री बडे पैमाने पर शुरू हो गई है। पितर के दौरान अनेक लोग श्राद्ध करने गया व प्रयागराज सहित अन्य तीर्थ स्थलो की ओर बडी संख्या मे ट्रेन के द्वारा रवाना हुये इस बीच आगामी 2 अक्टूबर को चतुर्थी श्राद्ध मनाया जायेगा। पूर्णिमा श्राद्ध 29 सितंबर को मनाने के बाद दूसरे दिन प्रतिपदा श्राद्ध के बाद द्वितीय श्राद्ध, तृतीय श्राद्ध, महाभरणी, पंचमी श्राद्ध सहित 13 अक्टूबर को सर्व पितृ अमावस्या का श्राद्ध रहेगा। पितरो की आत्मा की शांति के लिये पितरो का श्राद्ध कर्म किये जाने का विधान है। पूर्वज पितरों या परिवार के मृतक के स्वर्ग लोक गमन की तिथि के अनुसार पितृपक्ष मनाने का रिवाज है लेकिन यदि किसी परिवार वालो को निधन की तिथि का ज्ञान न हो तब वह आश्विन अमावस्या को सर्व पितृ का श्राद्ध कर सकता है। उक्त तिथि को सर्व पितृ अमावस्या भी कहा जाता है लेकिन किसी परिवार के सदस्य जिन्होने आत्म हत्या की है व दुर्घटनावश जिसकी मौत हुई है अथवा जो अकाल मृत्यु को प्राप्त हुआ है उसका श्राद्ध चर्तुदशी तिथि को किये जाने का विधान है वहीं अपने पिता के लिये अष्टमी तिथि को तथा माता के लिये नवमी तिथि को श्राद्ध करने की परंपरा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सूमा सम्मेलन सत्ता का दुरूपयोग -मनेन्द्र सिंग गुम्बर

**भाटापारा।** स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष मनेन्द्र सिंग गुम्बर, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, महाबल बघेल जिला मोर्चा अध्यक्ष सुनील यदू एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहन बांधे ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर सूमा भांठा के कांग्रेस सम्मेलन को प्रशासनिक मिशनरी का दुरूपयोग बताया और कहा कि सत्ता के दबाव मे प्रशासन का दुरूपयोग करते हुये कांग्रेसियो ने सम्मेलन कर संसाधनो का दुरूपयोग किया है। उक्त नेताओं ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने संपूर्ण प्रदेश मे लूट मचा रखी है। पीएससी घोटाला, खाद घोटाला व शराब घोटाला सहित अन्य प्रकार के घोटाले व भ्रष्टाचार भूपेश सरकार की पहचान बन गई है। उक्त सभी घपले घोटाले को जनता अच्छी तरह समझ चुकी है व आने वाले विधानसभा चुनाव मे जनता कांग्रेसियो को मुंहतोड़ जवाब देगी।

### 25 महिलाओं ने किया भाजपा प्रवेश, अरूण साव के सामने

**भाटापारा।** विधानसभा चुनाव की तिथि ज्यो ज्यो नजदीक आ रहीं है त्यों त्यों राजनीतिक गतिविधियां बढ रहीं है। नगर के भगत सिंग वार्ड मे भाजपा मंडल की मंत्री तनुजा घृतलहरे के प्रयास से कांग्रेस समर्थित 25 महिलाओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा मे प्रवेश किया है। जिसमे प्रमुख रूप से उर्मिला बांधे, केसर सोनवानी, सुख बाई डहरिया, मीना चतुर्वेदी, गीता चतुर्वेदी, लखनी चतुर्वेदी, गीता चतुर्वेदी, सुधा सोनवानी, लख्मी चतुर्वेदी, हीरा कोशले, लक्ष्मी पाते, फूलमती कोसने, सुकलहीन जोगी, बैसाखीन कोशले, काजल टंडन व रेवती शामिल है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा मे शामिल होने वाली उक्त महिलाओं का स्वागत भाजपा दुपटटा पहनाकर प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव, विधायक बृजमोहन अग्रवाल व विधायक शिवरतन शर्मा ने किया। उक्त सभी महिलाओं ने मोदी द्वारा महिलाओं के हित मे 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने को क्रांतिकारी बताते हुये भाजपा प्रवेश किया है।

### जेवर चमकाने के बहाने झांसा देकर महिला से ठगी

**भाटापारा।** जेवर चमकाने के नाम पर एक महिला से धोखाधडी करने का मामला सामने आया है। उक्त संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नेहरू वार्ड निवासी किरण अग्रवाल पति शरद अग्रवाल के निवास पर दो व्यक्ति पहुंचे व अपने आप को उजाला कंपनी का कर्मचारी बताकर महिला से किसी भी पुराने बर्तन गहना एवं टाईल्स को चमकाने के लिये पाउडर बेचने की बात कहकर पीतल का लोटा मंगवाया। उक्त युवको की बातों मे आकर किरण अग्रवाल ने पीतल लोटा लाकर दे दी जिसे युवको ने चकाचक करते हुये कहा कि यह तो कुछ भी नहीं है इससे ज्यादा गंदा सामान लाकर दिखाओं युवको की बात पर किरण अग्रवाल ने अपने हाथ मे पहने सोने की कंगन को ढंककर अनहोनी की आशंका से कहा कि यह मै खुद साफ कर लेती हूं इतने मे युवको ने टिफीन मे पानी की मांग की जिस पर किरण अग्रवाल ने स्टील की डिब्बे मे पानी लाकर रख दिया तब युवको ने उसमे हल्दी डालने के लिये कहा इसी दौरान एक युवक ने पानी मे कुछ केमिकल डालकर गेरू है कहकर कहा व महिला से अपने पहने हुये स्वर्ण आभूषण को स्वयं ही उक्त स्टील डिब्बे मे डूबाने कहा इसी बीच किरण अग्रवाल की बहू किचन से चिल्लाते हुये वहां पर पहुंची व कहा कि जेवर वगैरह साफमत कराओ ऐसे लोग धूर्त व ठग होते है इतनी बात सुनते हीं उक्त दोनो युवक स्टील डिब्बा को लेकर भाग खडे हुये जिसमे की स्वर्ण आभूषण डूबे हुये थे महिला भी चिल्लाते हुये पीछे पीछे दौड़ी लेकिन फूर्ति से उक्त दोनो युवक जेवर लेकर भाग खडे हुये इस तरह जेवर सफाई के नाम पर लगभग 42 हजार रूपये मूल्य के स्वर्ण आभूषण को अज्ञात ठग ले उड़े पीडित महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 34, 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### मदिरा दुकान में कार्यरत कर्मचारी निकाले गये

मुख्य कार्यालय से अजय पांडे पहुंचे जांच करने

**भाटापारा।** क्षेत्र के देशी मदिरा दुकान मे कार्यरत कर्मचारियों द्वारा सहायक आबकारी आयुक्त के विरूद्ध चुनावी फंडिग हेतु प्रतिमाह राशि की मांग किये जाने की शिकायत किये जाने के बाद कार्यालय उप महाप्रबंधक सीएसएमसीएल द्वारा देशी व विदेशी मदिरा दुकानो मे कार्यरत कर्मचारी प्रदीप लहरे, धनेश्वर मिरी, गुलाबचंद कोशले, दीपक कोशले, पंकज गुप्ता, शिवा यादव, रामकुमार चतुर्वेदी, सागर जोशी, अमित ढीढी व रोहन टंडन को मदिरा दुकानो की सेवा से पृथक कर दिया गया है। इधर उक्त कर्मचारियों के आरोप पर बयान व साक्ष्य सुनने रायपुर मुख्य आयुक्त कार्यालय से अजय पांडे पहुंचे व शिकायतकर्ता कर्मचारियों का बयान लिया।

# गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे के कोलाहल से शहरवासी परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर मे शुक्रवार को भी बडे पैमाने पर गणेश विसर्जन का सिलसिला चलते रहा जिसके कारण निर्धारित मापदंण्ड के विपरीत फूल साउंड मे डीजे की धमक से लोग हलाकान रहे प्राय: प्राय: शहर के हर हिस्से मे दर्जनो की संख्या मे फूल साउंड मे बजते डीजे से नगर का वातावरण ध्वनि प्रदूषण का शिकार होते रहा। डीजे के सामने मदमस्त होकर युवाओं व अन्य लोगों की नृत्य व धमाचौकड़ी से वातावरण कोलाहल पूर्ण रहा जिससे आबादी बाहुल्य क्षेत्र मे रहने वाले आम नागरिकों के साथ साथ दुकानदार व हास्पिटलो के मरीज भी परेशान होते रहे। शासन ने एक ओर जहां नगर मे डीजे बजाने वालो के लिये विभिन्न मापदंण्ड निर्धारित किये है लेकिन उक्त मापदंण्डो का पालन व क्रियान्वयन नहीं होने से नगर मे ध्वनि प्रदूषण से लोग परेशान हो गये है। इधर सैकड़ो की संख्या मे गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शहर से सात किलोमीटर दूर सेमरिया घाट शिवनाथ नदी मे किया गया। सेमरिया घाट स्थल पर प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से मूर्ति विसर्जन करने गये लोगों ने दुपहिया वाहन, चौपहिया वाहन, यात्री बस व ट्रको की रोशनी मे ही शिवनाथ नदी पर मूर्तियों का विसर्जन किया। मूर्ति विसर्जन के लिये अधिकांश लोग बडी तादाद मे परिवार व मोहल्लो वालो के साथ विशेष रूप से गाडी बुकिंग कर सेमरिया घाट पहुंचे जिसके कारण यातायात भी पुल पर बाधित रहा वहीं छोटी मूर्तियों का विसर्जन कल्याण सागर तालाब मे किया गया।

# मंत्री मोहम्मद अकबर ने राज्य का पहला पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्र का किया शुभारंभ

## पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सेंटर (आरवीएसएफ) से स्क्रैपिंग कराने पर नये गाड़ी ख़रीदने से टैक्स में 25 प्रतिशत छूट का प्रावधान

रायपुर। राज्य में 15 साल पुरानी गाड़ी को बेचने के लिए अब आपको भटकना नहीं पड़ेगा। इसे आप स्क्रैप सेंटर पर दे सकेंगे। परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने आज गुरुवार को रायपुर जिले के अंतर्गत ग्राम धनेली में स्क्रैपिंग सेंटर का उद्घाटन किया।



गौरतलब है कि शासकीय विभाग के 15 वर्ष से पुरानी सभी गाड़ियो को भी आवश्यक रूप से स्क्रैप करने का निर्णय लिया जा चुका है। छत्तीसगढ़ में यह पहला स्क्रैपिंग सेंटर खोला गया है। इस दौरान परिवहन मंत्री श्री अकबर ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ को मध्य भारत के लिए वाहन स्क्रैपिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं, स्क्रैपिंग की सुविधा को बढ़ावा देने के लिए इस सेंटर को पूरी तरह डिजिटलीकृत किया गया है। छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत पंजीकृत व्हीकल स्क्रैपिंग सेंटर (आरवीएसएफ) को उच्च प्राथमिकता वाले उद्योगों की श्रेणी में रखने हेतु अधिसूचना जारी की गई है।

# डोंगरिया में डांस प्रतियोगिता संपन्न, शामिल हुये सतीश अग्रवाल



**भाटापारा।** निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य मे ग्राम डोंगरिया मे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न स्थानो से आये 27 टीमो ने भाग लिया डांस प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान मलौद सिलयारी को प्राप्त हुआ वहीं दूसरा स्थान एसके ग्रुप भाटापारा सिटी को मिला। नाचबो अउ नचाबो ग्रुप नेवधा, स्वर रागनी मैनपुर गरियाबंद की टीम को भी एकल प्रतियोगिता मे पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम मे सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष अरूण ताम्रकर, मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, उपाध्यक्ष केके नायक सहित योगेश मराई, श्रीमती स्नेहा सम्मी टंडन, महेश साहू, कुंजराम साहू, भिखारी गहरे, तिलक लहरे, मालिक राम साहू, रतिराम निषाद, टाकेश साहू, तोपेश साहू, वशिष्ट ध्रुव, मुकेश देवदास, टेकम ध्रुव, थानु साहू, बिसनाथ वर्मा, हीरालाल पाल, राजकुमार लहरे, शंकर साहू, दिनेश साहू, मंतराम, रोहित बघेल, धनसिंह साहू, दिलीप साहू, चौतकुमार, केशव साहू, टोपेश साहू, सेवक जायसवाल, बमबम, मनीष पंजवानी, कुलेश्वर साहू, आकाश मांडले, जिनेन्द्र भारती, केदार मिश्रा, विकास शर्मा, सचिन, सुरेश टंडन, जनक राम पाल, चन्द्र दास बांधे, दीपेश कुमार, भागबली साहू, चंदू जायसवाल व योगेश सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

# गुर्रा स्कूल के 16 खिलाड़ियों का चयन दुर्ग में आयोजित प्रतियोगिता के लिये



**भाटापारा।** राज्य स्तरीय शालेय कुराश खेल प्रतियोगिता मे ब्लाक के ग्राम गुर्रा के हायर सेकेण्डरी स्कूल के 16 खिलाड़ियो ने प्रतियोगिता जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेने की पात्रता हासिल की है। उक्त सभी 16 खिलाड़ी दुर्ग मे आयोजित प्रतियोगिता मे भाग लेंगे। दुर्ग की प्रतियोगिता मे भाग लेने वालो मे सिम्मी ध्रुव, नैंसी ठाकुर, लक्ष्मी रजक, मितेश ध्रुव, खिलेश्वरी, हिमांशु साहू, सूरज साहू, हेमराज ध्रुव, पुष्पांजलि जायसवाल, लता ध्रुव, एकता ध्रुव, युवराज कोसले, विवेक निषाद, युवराज सिंह यादव एवं अखिलेश्वरी मनहरे शामिल है। उक्त छात्राओं की सफ्लता पर प्राचार्य रामफ्ल बांधे, परिचय मिश्रा, राकेश शर्मा, राजेन्द्र सोनी, राम जी पाल, तोरण ठाकुर, जीपी सोलंकी, ओपी वैष्णव, आलोक गुप्ता, सुरेश राव, द्रोण ध्रुव, तरूण सेन व अमित तिवारी ने बधाई दी है।

# कलमीडीह परसवानी में सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुये अग्रवाल



**भाटापारा।** निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने कलमीडीह परसवानी मे आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मे हिस्सा लिया इस दौरान उन्होने गांव मे छत्तीसगढ की लोक कला व संस्कृति को जीवित रखने की दिशा मे किये जा रहे इस प्रकार के आयोजन की प्रशंसा की व कहा कि गांव मे आपसी भाईचारे के साथ सभी प्रकार के कार्यक्रम एवं विकास के कार्य के प्रति आगे बढना चाहिये। उक्त कार्यक्रम मे अभय ठाकुर, विवेश कुर्रे, आरती दास कुर्रे, राधेलाल, कार्तिक, छोटेलाल, चरणदास, साधुरचण, विनोद, राजू, अनिल, खेलन, दिलीप, पंचराम, चंद्रिका, दायाराम, सुरज, राहुल, अनिता, रेखा, केवरा, संतरा, रितु, जमना, नंदनी, अनारकली, मंजुला, रविना, पूजा, निर्मला, केदार मिश्रा व मनीष पंजवानी सहित बडी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# फुल साउंड में डीजे बजा रहे लोगों के विरूद्ध कार्यवाही हुई



**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा एवं कलेक्टर चंदन कुमार के सख्त निर्देश के बाद प्रशासन अलर्ट मोड़ मे है इसी सिलसिले मे शनिवार को अनेक शिकायत के बाद गणेश विसर्जन के दौरान तेज आवाज मे डीजे बजाकर कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन कर रहे लोगों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के मार्गनिर्देशन मे एसडीओपी आशीष अरोरा ने दिये जिसमे नेहरू वार्ड क्रमांक 14 निवासी डीजे संचालक राजा देवदास तथा शक्ति वार्ड निवासी सुभाष गुजरतिया के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये डीजे लगे वाहन क्रमांक सीजी 11 एबी 2187 एवं सीजी 04 जेसी 1440 जिसमे डीजे साउंड सिस्टम लगा हुआ था उसे जब्त किया गया है। उक्त कार्यवाही मे प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुशंता लकड़ा, जेठूराम मनहरे, उमेश वर्मा एवं पुलिस के अन्य लोग शामिल थे। एक लंबे समय बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर डीजे साउंड संचालको के विरूद्ध कार्यवाही का लोगों ने स्वागत करते हुये दीपक झा व चंदन कुमार के प्रति आभार प्रकट किया है।

# बारिश के बाद चारों तरफ गंदगी का मंजर, मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से मरीज बढ़े

## पर्याप्त संसाधन के बावजूद पालिका प्रशासन नहीं बना पा रहा है व्यवस्था

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। पालिका क्षेत्र के तमाम वार्डो मे इन दिनो लचर सफाई व्यवस्था के कारण नगर मे मच्छरों का प्रकोप बढ गया है। शहर के अधिकांश वार्डो के चौक चौराहों मे फैली गंदगी, बजबजाती नालियों व कचरो के ढेर के कारण मच्छरो व मिक्खयों का प्रकोप बढ गया है फलस्वरूप बडी संख्या मे लोग संक्रमण रोगों के शिकार होकर हास्पिटलों मे पहुंच रहे है जिसमे ज्यादातर मरीज वायरल फीवर, टाईफाईड, सर्दी बुखार, हाथ पैर दर्द व सिर दर्द जैसे लक्षण लेकर पहुंच रहे है।




सदर वार्ड, नेहरू वार्ड, नयागंज वार्ड व भगत सिंग वार्ड सहित कुछ अन्य वार्ड मोहल्लों मे गंदगी का अंबार लगा है जिससे इन वार्डो मे मच्छरों का अत्याधिक प्रकोप है उक्त वार्डो के घरों मे हालात यह है कि घर के दरवाजे व घर के अंदर बिना पंखा चलाये मच्छर टस से मस नहीं होते है। नगर मे दिन प्रतिदिन सफाई व्यवस्था के हालात बिगडते जा रहे है जबकि पालिका प्रशासन के पास संसाधनो की कमी नहीं है। शहर मे सड़क सफाई, नाली सफाई व नाला सफाई तालाब सफाई की व्यवस्था दुरूस्त नहीं होने से शहर की पहचान बदसूरत नगर के रूप मे उभर रहीं है वहीं चौक चौराहे नुक्कड़ मे कूड़ा करकट कचरो के ढेर को आवारा घूमते पशु सूअर व कुत्ता सड़क पर बिखेर कर आम नागरिको के लिये मुसीबत बढ़ा रहे है गंदगी बदबू से लोग परेशान है। पालिका प्रशासन द्वारा कभी कभार सफाई अभियान चलाया जाता है जिसमे उठाये गये कूड़ा करकट कचरा को कहीं भी डंप किया जा रहा है मसलन तहसील चौक के आगे ऐन सड़क के बाजू मे कचरो का ढेर लगा है इसी तरह हथनीपारा मुक्तिधाम के पास किनारे कचरो का ढेर उडेला जा रहा है, हटरी बाजार के बंद पडे रेल्वे अंडरब्रिज के पास तो गंदगी का अंबार लगा हुआ है यहां पर आम आदमी का निकलना दूभर हो गया है वहीं अवैध कब्जा से पटे मंडी के समीप स्थित बस स्टैड मे कूडों कचरों का अथाह ढेर लगा है जिसके कारण लोग परेशान है कईहा तालाब रोड़ मे गंदगी के कारण लोगों को आवाजाहीं के दौरान नाक मे रूमाल रखकर निकलना पड़ रहा है। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने शीघ्र हीं सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने मांग की है।

**नगर मे दिन प्रतिदिन सफाई व्यवस्था के हालात बिगडते जा रहे है**



# स्वच्छता अभियान की पोल खुली मुख्य मार्ग पर कचरों का अंबार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** शहर मे पिछले दो दिनो से जगह जगह स्वच्छता अभियान एवं सफाई के नाम पर प्रचार प्रसार व फोटो खिंचवाने का सिलसिला जहां चल रहा है वहीं नगर के अनेक हिस्से गंदगी व बदबू से सड़ांध मार रहे है अनेक वार्डो मे कूड़ा कचरा व कचरों का ढेर लगा हुआ है जिससे नागरिक हलाकान है। गौरवपथ के मुख्य मार्ग मे बनाये गये डिवाईडर मे स्वयं उग आये पेड़ पौधे को काटकर मुख्य सड़क पर पिछले दो दिनो से फेंक दिया गया है लेकिन उसकी सफाई व कचरा उठाने का कार्य नहीं होने से स्वच्छता मिशन की गतिविधियों की पोल खुल गई है वहीं नगर के अनेक वार्डो मे गंदगी का साम्राज्य व्याप्त है। हटरी बाजार, सदर बाजार, नेहरू वार्ड, महासती वार्ड, नयागंज वार्ड, संजय वार्ड, शंकर वार्ड मे सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। शंकर वार्ड मे जय स्तंभ चौक से कईहा तालाब होकर मंडी की ओर जाने वाली सड़क की दशा एक ओर जहां जर्जर है वहीं उपर से वहां पर कई ट्रेक्टर कचरों का जमाव होने से लोगों को आवाजाहीं के दौरान जहां परेशानी हो रहीं है वहीं बदबू से लोग हलाकान है इसी प्रकार की स्थिति लोकोत्सव मैदान मंडी के पास स्थित बस स्टैड, खोलवा गांव मार्ग, खपराडीह गांव मार्ग, टिकुलिया ढाबाडीह गांव मार्ग एवं तरेंगा गांव मार्ग के सड़ किनारे डंप किये गये कचरों से उठती असहनीय बदबू से लोग परेशान है। वहीं शहर के तमाम वार्डो मे बजबजाती नालियां से लोग परेशान है नालियों की कई महिनो से सफाई नहीं होने से मच्छरो व नालियों मे कीड़ो के कारण आस पास रहने वाले बीमार हो रहे है गंदगी व बदबू के कारण जहां संक्रामक रोगों का फैलाव हो रहा है वहीं नागरिक सफाई व्यवस्था के अभाव मे नारकीय जीवन जीने विवश हो रहे है। इसी प्रकार की स्थिति रेल्वे बंद पडे अंडरब्रिज हटरी बाजार मे है जहां पर पूरी तरह कचरों का अंबार लगा है वहीं अवैध रूप से संचालित हो रहे जगह जगह के मुर्गा मटन के अवशेष वहां पर फेंके जा रहे है जिससे बदबू उठ रहीं है लोगों का उस मार्ग से निकलना दूभर हो गया है।

# अनिल भृगु मयुर क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



अनिल भृगु अध्यक्ष



रविन्द्र जैन सचिव



अखिलेश जिंदानी कोषाध्यक्ष

**भाटापारा।** विगत दिवस स्थानीय मयूर क्लब समिति का साधारण सभा बैठक आयोजित की गई जिसमें सत्र 23- 24 हेतु नए पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से श्री अनिल कुमार भृगु को अध्यक्ष, श्री रविंद्र जैन को सचिव, श्री अखिलेश जिंदाणी कोषाध्यक्ष तथा श्री नारायण प्रसाद भुषाणिया जी को उपाध्यक्ष, श्री रामरतन जी मूंदड़ा को सहसचिव पद हेतु चुना गया तथा कार्यकारिणी में श्री शिवरतन जी शर्मा, श्री श्रवण अग्रवाल, श्री गिरधर दास मुंधड़ा व श्री उमाशंकर जी अग्रवाल चुने गए।

उक्त संबंध में सचिव श्री रविंद्र जैन ने बताया कि निवृत्तमान अध्यक्ष श्री श्रवण कुमार अग्रवाल के निर्वाचन अधिकारी के रूप में बैठक में उपस्थित वरिष्ठ सदस्य श्री उमाशंकर जी अग्रवाल, श्री अखिलेश जिंदाणी, श्री गिरधर दास मुंधड़ा, श्री रामरतन जी मूंदड़ा, श्री अनिल भृगु , श्री रविंद्र जैन , श्री नारायण प्रसाद भुषाणिया व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ। सभी उपस्थित सदस्यों ने चयनित पदाधिकारी को बधाई देते हुए मयूर क्लब द्वारा संचालित समाजसेवी शिक्षण संस्थाओं का संचालन व अन्य जनहित कार्य कार्यक्रमों के संचालन में पूर्ववत सहयोग प्रदान करने व उनके कार्य क्षेत्र को विस्तार देने हेतु हरसंभव मदद देने की बात कही। मयूर क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अनिल कुमार भृगु ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सेवा सद्भाव व आम जनता के हित में निस्वार्थ सेवा भाव के उद्देश्य से सन 1976 में प्रारंभ की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे भी निरंतर जारी रखने के साथ ही समिति द्वारा संचालित विद्यालय को न्यूनतम शुल्क पर और भी अधिक सुविधाजनक प्रतिस्पर्धात्मक उच्च स्तरीय शिक्षा व शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने की बात कही। अपने सहयोगी सदस्यों पर विश्वास प्रकट करते हुए समिति के माध्यम से नगर हित व समाज हित में कार्य करते रहने हेतु कृत संकल्प रहूंगा।

# बारिश के बाद सेमरिया घाट पुल जर्जर हालत में



## बड़े-बड़े गढ़ढ़े होने के बावजूद जर्जर पुल की ओर प्रशासन का ध्यान नहीं

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह की बारिश के पश्चात शिवनाथ नदी स्थित सेमरिया घाट पुल एक ओर जहां यातायात के लिए खुल गया है वहीं दूसरी ओर 50 वर्ष से अधिक पुराने सेमरिया घाट पुल पर जगह-जगह 4 से 5 फीट लंबे चौड़े गढ़ढे हो जाने से वाहनों को आवाजाही में परेशानी से जुझना पड़ रहा है। सैकड़ों की संख्या में आवाजाही करने वाले दूपहिया वाहन यात्री बस एवं हैवी वाहनों को अपनी जान जोखिम में डालकर सेमरिया पूल से आना जाना करना पड़ रहा है। पुल के उपर खतरनाक गढ़ढे के कारण संतुलन बिगड़ने से कोई भी वाहन सीधे तेज धार बहती शिवनाथ में गिर सकता है, जिससे गंभीर हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। यह विदित रहे कि अविभाजित मध्यप्रदेश में तत्कालिन मुख्यमंत्री रहे स्व. श्यामाचरण शुक्ल के मुख्यमंत्रित्व काल में सेमरिया घाट पुल का निमार्ण किया गया था। उक्त पुल को बने 50 वर्ष से अधिक का समय बीत रहा है। सेमरिया पुल हर बरसात में शिवनाथ नदी के बाढ़ के कारण डूब जाता है। जिससे 5 से 6 दिनों तक सड़क यातायात बंद रहता है। जिससे भाटापारा का सड़क संपर्क बिलासपुर, नारायणपुर, बैतलपुर मारो, सरगांव, मदकूद्वीप, पुटपुरा, चक्रवाय सहित लगभग 50 गांवों से टूट जाता है। क्षेत्र के नागरिक एक लंबे समय से सेमरिया घाट पुल पर उच्चस्तरीय नये पुल बनाने की मांग करते करते थक हार गये हैं लेकिन शासन प्रशासन की ओर से अब तक इस दिशा में कोई भी ठोस पहल नहीं किए जाने से स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं सेमरिया घाट का पुराना पुल जर्जर अवस्था में हादसों को आमंत्रित कर रहा है। वर्तमान पुल बुरी तरह जर्जर हालात में हैं वहीं सुरक्षा की दृष्टि से रैलिंग सुविधा भी नहीं होने से कभी भी गंभीर हादसा घटित हो सकता है। प्रबुद्ध नागरिकों ने शिवनाथ नदी सेमरिया घाट में उच्च स्तरीय नये पुल निर्माण शीघ्र कराने की मांग पुन: दोहराई है।

**पुल बुरी तरह जर्जर हालात में हैं वहीं सुरक्षा की दृष्टि से रैलिंग सुविधा भी नहीं होने से कभी भी गंभीर हादसा घटित हो सकता है।**

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान व कबाड़ से जुगाड़ के तहत प्रदर्शनी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। विकासखण्ड स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान सह कबाड़ से जुगाड़ एवं टी एल एम प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मे किया गया। उक्त कार्यक्रम का उदघाटन बीईओ रामजी पाल, बीआरसी लेखराम साहू एवं प्राचार्य अनुज कुर्रे ने संयुक्त रूप से किया।



कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा टीएलएम गणितीय संख्या ज्ञान और भाषायी ज्ञान पर आधारित विभिन्न टी.एल.एम. संक्रिया वृक्ष, अंक पहचान, भाग, जोड की अवधारणा, रस्सी खींच, मात्रा सीखों, मात्रा चक्र से संबंधित, सांप-सीढी, गुणा चक्र, पर्यावरण सुरक्षा उपाय, पर्यायवाची शब्द निमार्ण व समस्त गणितीय संक्रियाओं पर आधारित टी.एल.एम. सहायक सामग्री का प्रदर्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम की खास यह रहीं की शिक्षको द्वारा निर्मित टी.एल.एम. पूर्णरूप से घरो में पडे अनुपयोगी सामान से बनाये गये थे जो कि एक सराहनीय प्रयास है। उक्त प्रदर्शनी का संकुल स्तर से संकुल प्राचार्य एवं समन्वयको ने प्रत्येक स्टॉल में जाकर अवलोकन किया। इस प्रतियोगिता मे कबाड़ से जुगाड़ शिक्षण सामग्री प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों की संख्या 106 टीएमएम में 103 एवं क्विज प्रतियोगिता मे 37 प्रतिभागियो ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता से बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोडने के साथ-साथ उनके उपचारात्मक शिक्षण का भी कार्य करने में सहजता होगी आज के टीएलएम प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो पेन और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता मे पूजा धृतलहरे, युवराज वैष्णव व दीपिका यादव को स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे श्रीमती प्रेमलता वर्मा, विकास रंगा, दर्शन सिंग ठाकुर, ओम प्रकाश ध्रुव, लोचन नेताम, हितेश शर्मा, टीकाराम साहू, संतोष दास मानिकपुरी, मुकेश देवांगन, अशोक शर्मा, तेजराम वर्मा, बैसाखू राम साहू, विरेन्द्र बंजारे, प्रीति देशमुख, उमेश कांत मरकाम, महेश वर्मा, अशोक कुमार, दीपक कुमार व लालाराम उपस्थित थे। अधीक्षिका श्रीमती स्वाती शर्मा विशेष योगदान रहा।

# हरी सब्जियों के भाव में फिर तेजी का माहौल

**भाटापारा।** शहर मे पिछले पांच दिनो की बारिश के बाद स्थानीय सब्जी बाजार मे हरी सब्जियों के भाव मे उछाल आ गया है। बारिश के कारण हरी सब्जियो की आवक कमजोर होने से भाव मे पुनरू तेजी का माहौल बना हुआ है। बाजार मे सबसे ज्यादा महंगी सब्जी ढेंश है जो कि 200 रूपये प्रतिकिलो की दर पर बिक रहा है इसी तरह खेक्सी, शिमला मिर्च, मुनगा, भिंडी, तरोई, अदरक व बरबटटी सब्जियों के भाव तेजी लिये हुये है। लाल भाजी, पालक भाजी, कुंदरू, करेला, भटा, मुली, गंवार फल्ली, कुम्हड़ा, लौकी व मिर्ची सब्जियों के भाव 40 रूपये प्रतिकिलो के आस पास हीं चल रहा है। बताया जाता है कि टमाटर का भाव इन दिनो औधें मुंह गिर गया है कभी 200 रूपये प्रतिकिलो मे बिकने वाला टमाटर भाटापारा बाजार मे अब 15 रूपये प्रतिकिलो के दर पर बेचा जा रहा है। ज्यादातर टमाटर दुर्ग जिले के धमधा क्षेत्र से आ रहा है वहीं बाजार मे मुनगा उडीसा से एवं आरंग क्षेत्र से बडे पैमाने पर बिक्री के लिये पहुंच रहा है। सब्जियो की आवक



कमजोर होने से तथा भाटापारा बाजार से बडे पैमाने पर हरी सब्जियों के बैतलपुर, नारायणपुर, सरगांव, बिल्हा, मारो, सुहेला, निपनिया, करहीबाजार, हथबंद, नवापारा, भटभेरा, हिरमी, रावन, अर्जुनी, रवाना, डमरू, रसेडी रसेडा, दामाखेडा, लिमतरा, नांदघाट, कूंरा, संबलपुर सहित अन्य बाजारो मे जाने से हरी सब्जियो के भाव मे तेजी का माहौल बना हुआ है आने वाले दिनो मे मौसम के साफ होते हीं हरी सब्जियो के भाव मे कमी होने की उम्मीद थोक सब्जी विक्रेताओं ने जाहिर की है।

# ताम्रकर ने किया झंडोत्तोलन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश संगठक अरूण ताम्रकर ने लिंक रोड़ स्थित साहू छात्रावास के समीप भामाशाह चौक मे झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि मेरी राजनीति की शुरूआत भाटापारा के कांग्रेस भवन से हुई है। उन्होने आगे कहा कि आने वाले चुनाव मे कांग्रेस संगठन की ओर से जिसे भी प्रत्याशी घोषित किया जायेगा हम सब कांग्रेसी उसको जिताने के लिये काम करेंगे। उक्त कार्यक्रम के दौरान 28 सितंबर को सूमा भांठा मे राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल्लकार्जुन खड़गे के आगमन के संबंध मे भी चर्चा हुई। उक्त कार्यक्रम मे भुवन सिंग ठाकुर, नरेन्द्र साहू, कुंजराम साहू, झग्गूलाल साहू, चंदू साहू, चन्द्रकुमार साहू, रघु साहू, अमन साहू, नेतराम साहू, ईश्वर साहू, अभय साहू, कार्तिक साहू, तरूण साहू, हिमांशु साहू, जुगनू मेमन, अंजलि भारती, लक्ष्मण भारती, कृष्णा टंडन, गिरीराज चावड़ा, अशोक साहू, हरीश ध्रुव, संतोष घोसले व घनश्याम वर्मा सहित बडी संख्या मे सेवादल के लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने निकाली भरोसे की पदयात्रा

**भाटापारा।** कांग्रेस की पदयात्रा मावली माता सिंगारपुर से प्रारंभ होकर कड़ार, दतरेंगी होते हुये कांग्रेस भवन पहुंची जहां बडी संख्या मे कांग्रेसी शामिल हुये। यह यात्रा कांग्रेस भवन से आगे तरेंगा रोहरा होकर दामाखेंड़ा मे समाप्त हुई। उक्त यात्रा मे निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल, मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, समाज सेवी राधेश्याम शर्मा फग्गा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के सदस्य आलोक मिश्रा सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठो के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुये।



# कान फोड़ू डीजे पर सख्त कार्यवाही के निर्देश का किया स्वागत

**भाटापारा।** शहर मे शासन द्वारा निर्धारित मापदंण्ड का उल्लंघन करते हुये डीजे बजाये जाने की लगातार शिकायत नागरिक कर रहे है इस बीच जिला कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने कान फोड़ू डीजे पर एक्शन लेते हुये निर्धारित मापदंण्ड के विरूद्ध डीजे बजाने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश थानेदारों को दिये है वहीं कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीलदार को भी अलग से निर्देश जारी कर कान फोड़ू डीजे पर कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये है। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित डीजे संबंधी निर्देश का सख्ती से पालन करने कहा है। यह विदित रहे कि दैनिक समवेत शिखर ने शनिवार के अंक मे डीजे के शोर शराबे एवं कोलाहल अधिनियम की उल्लंघन का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसका असर प्रशासन पर ध्यानाकर्षण के रूप मे हुआ जिला प्रशासन द्वारा कान फोड़ू डीजे के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के सख्त निर्देश का क्षेत्रिय नागरिकों ने स्वागत करते हुये कलेक्टर चंदन कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के प्रति आभार प्रकट किया है।



## चिराग सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने मनाया गाँधी जयंती

**भाटापारा।** चिराग सोशल वेलफेयर सोसाइटी भाटापारा द्वारा परियोजना निदेशक मंगल पाण्डेय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में परियोजना कार्यालय भाटापारा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। संस्था के परियोजना प्रबंधक दशोदी सिंह द्वारा बताया गया कि हर साल 2 अक्टूबर को गांधी जी के जन्म दिवस को मनाकर उनके आदर्शों एवं कार्यों को याद किया जाता है। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने में अहम रोल निभाने वाले महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले बापू के विचार सिर्फ भारत ही नहीं पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करते रहे हैं ।और आगे भी करते रहेंगे। अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नम्रता साहू ने बताया कि गाँधी जी के विचारों के सम्मान में 2 अक्टूबर को हर साल अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी मनाया जाता है। इस वर्ष गांधी जयंती के अवसर पर देश भर में स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम को संचालित कर पूरे देश में लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है।कचरा मुक्त भारत थीम के साथ चौक चौराहों पर बिखरे कचरा , प्लास्टिक की थैलियों को चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी के कार्यकर्ताओं द्वारा साफ सफाई कर लोगों को संदेश दिया गया कि अपने-अपने घर के आस-पास को हमेशा साफ सुथरा बनाये रखें। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बताये हुए आदर्शों पर चलकर उनके अधूरे सपने को पूरा करना हम सब की जिम्मेदारी है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आउटरीच वर्कर चितरेखा नारंग, किरण सोनवानी, प्रियंका मेश्राम, अनिता लहरे साथी शिक्षक ललिता सोनवानी, अनिता साहू का सराहनीय सहयोग रहा।



# पितर पक्ष प्रारंभ, बाजार में उड़द दाल व तरोई के भाव बढ़े

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** पितृपक्ष के प्रारंभ होने के साथ हीं बाजार मे हरी सब्जियों के भाव बढने लगे है। शनिवार से प्रारंभ हो रहे पितृपक्ष के कारण प्रायरू प्रत्येक घर मे पितरो के पूजन पश्चात चढाये जाने वाले भोज्य पदार्थ मे तरोई व बरबटटी सब्जी प्रमुख रूप से नेंग के रूप मे शामिल होता है। पितृपक्ष के आगाज के साथ हीं भाटापारा बाजार मे तरोई सब्जी की भारी मांग के चलते इसके भाव अभी से आसमान छूने आतुर लग रहे है। शुक्रवार को थोक सब्जी बाजार मे तरोई की भारी आवक के बावजूद यह 80 रूपये प्रतिकिलो की दर पर बिकने लगा अभी जबकि पितृपक्ष के एक पखवाड़े शुरू होने है और इसके दाम आगे भी बढने के भरपूर आसार दिख रहे है। इसी तरह हरी सब्जी बरबटटी के भाव भी 60 रूपये प्रतिकिलो तक पहुंच गया है। इधर आम तौर पर पितर पक्ष मे उड़द दाल का प्रयोग प्रायरू हर घर मे किया जाता है जिसके कारण संपूर्ण बाजार मे उड़द दाल की खपत व मांग यकायेक बढ गई है। उड़द दाल की भारी मांग के कारण यह 125 रूपये प्रति किलो पर बिकने लगा है। भाटापारा शहर मे उत्पादित उड़द दाल जहां 120 रूपये प्रतिकिलो की दर पर बेचा जा रहा है वहीं रतलाम मध्य प्रदेश से आयातित उड़द दाल 125 रूपये प्रतिकिलो की दर पर धडल्ले से बाजार मे बिक रहा है। बाजार मे पितृपक्ष के कारण दाल, हरी सब्जियों, तेल, मैदा, बेसन, गुड़, आटा व पूजन की सामाग्रियों की बिक्री भी बढ गई है।




संतोष कुमार साहू (लालू)

ब्यूरोचीफ

"क्रांतिरथ छत्तीसगढ़" अखबार में

विज्ञापन, समाचार एवं प्रतियों के लिए

संपर्क करें

9827916119



# सिद्ध बाबा रेल्वे क्रासिंग पर एक लंबे समय बाद भी नहीं बन पाया रेल्वे ओव्हर ब्रिज व अंडर ब्रिज, सड़क यातायात जाम से लोग हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। रेल्वे स्टेशन क्षेत्र से लगभग एक किलोमीटर दूर रायपुर रेल मार्ग पर स्थित सिद्ध बाबा रेल्वे फाटक पर पिछले 15 वर्षो से ओव्हर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज बनाये जाने की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है।




जबकि तत्कालीन रेल राज्यमंत्री आरवेलु ने अपने भाटापारा प्रवास के दौरान तीसरी रेल्वे लाईन के शुभारंभ के मौके पर कहा था कि रेल्वे के समपार फाटक पर शीघ्र हीं निर्बाध सड़क यातायात के लिये रेल्वे ओव्हर ब्रिज व अंडर ब्रिज का निर्माण किया जायेगा किन्तु एक लंबे समय बाद भी सिद्ध बाबा रेल्वे क्रासिंग पर ओव्हर ब्रिज व अंडर ब्रिज निर्माण कार्य का अता पता नहीं है जिससे आज भी 24 घंटे मे सौकड़ो बार रेल्वे फाटक बंद होने से सड़क के दोनो छोर पर लंबी कतार वाहनो की लग रहीं है। सिद्ध बाबा रेल्वे फाटक मे विभिन्न यात्री ट्रेनो एवं गुडस ट्रेन के निरंतर आवाजाही के कारण हर तीसरे मिनट मे रेल्वे के फाटक को बंद एवं चालू करने के चक्कर मे पहले से बंद कर दिया जाता है जिससे सड़क के दोनो छोर पर एक से दो किलोमीटर तक की लंबी लाईन लग जाती है। वहीं रेल्वे फाटक मे सर्वाधिक परेशानी पैदल आवाजाही करने वाले सायकल एवं दुपहिया वाहन चालकों को भी हो रहा है क्योकि फाटक मे पूरी तरीके जाली युक्त फाटक लग जाने के बाद कोई भी इधर से उधर आ जा नहीं पा रहा है इस तरह लोगों की परेशानी लगातार बढ रहीं है क्षेत्र के ज्यादातर राईस, दाल व पोहा मिल तथा बडी बडी सीमेंट कंपनियां मे आवाजाहीं करने वाले वाहन सिद्ध बाबा रेल्वे फाटक होकर हीं हिरमी, ग्रासीम, रिसदा, सुहेला, खरोरा तथा तरेंगा, रोहरा व नांदघाट की ओर आते जाते है लेकिन अक्सर रेल्वे फाटक बंद हो जाने की वजह से यातायात ठप्प रहता है जिससे समय की बर्बादी से लोगों को जूझना पड़ रहा है। भाटापारा जैसे अतिव्यस्त रेल्वे ट्रेक जो कि हावड़ा मुंबई मुख्य मार्ग पर स्थित है ऐसे महत्वपूर्ण स्थल पर अब तक रेल्वे ओव्हर ब्रिज व अंडर ब्रिज का न बन पाना घोर ताजुब का विषय है व रेल्वे एवं राज्य शासन के विकास की दावे की पोल खोल रहा है बताया जाता है कि रेल्वे ओव्हर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज मे केन्द्र व राज्य शासन की अलग अलग हिस्से निर्धारित है जिसमे सामंजस्य पूर्ण पहल अब तक नहीं होने से रेल्वे ओव्हर ब्रिज व अंडरब्रिज का निर्माण प्रारंभ नहीं हो पा रहा है जनहित मे सिद्ध बाबा धौराभांठा के अतिव्यस्त रेल्वे फाटक पर ओव्हर ब्रिज व अंडर ब्रिज बनाने के प्रति शासन शीघ्र पहल करें ताकि लोगों को सड़क यातायात जाम से मुक्ति मिल सके।

## अनेक स्थानों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

शिवरतन ने स्टेशन क्षेत्र में सड़क पर झाड़ू लगाकर सड़क साफ की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर मे रविवार को स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम के तहत अनेक स्थानो पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिसमे पालिकाध्यक्ष सुनीता गुप्ता, त्रिलोक सलूजा, सिरीज जांगडे, सुनील गुप्ता, सुशील सबलानी, रोहित साहू, दीपक निर्मलकर, पालिकाधिकारी लाल अजय बहादुर सिंग, शंकर दयाल शर्मा, राकेश सोनी, विरेन्द्र वर्मा, अजय नायडू व कन्हैया ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल हुये। वहीं राष्ट्र व्यापी स्वच्छता अभियान के तहत रेल्वे स्टेशन क्षेत्र मे क्षेत्रिय विधायक शिवरतन शर्मा ने भी झाडू लगाकर स्वच्छता अभियान मे भाग लिया इसी तरह श्रम मंडल सदस्य आलोक मिश्रा ने गांधी मंदिर वार्ड मे सफाई मुहिम मे हिस्सा लिया। इसी तरह लाल बहादुर शास्त्री वार्ड मे तहसील एवं एसडीएम कार्यालय के पास राजीव युवा मितान क्लब के लोगो ने साफ सफाई अभियान चलाया जिसमे राहुल साहू, सक्षम तिवारी, प्रशांत वर्मा, आकाश आनंद, पप्पू यादव, शिवांश तिवारी व गौतम साहू सहित अन्य युवाओं ने भाग लिया।

## भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया 40 गायों की मौत के जिम्मेदार कांग्रेसी




**भाटापारा।** निकटवर्ती ग्राम सूमा के भांठा मे राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की आम सभा कांग्रेस द्वारा आयोजित की गई थी जिसमे भारी तादाद मे लोग उपस्थित थे। सभा के बाद खुले स्थान पर फेंके गये फूड पैकेटस को खाने से गायों की मौत होने का आरोप भाजपा नेताओं ने लगाते हुये एसडीएम नरेन्द्र बंजारा को ज्ञापन सौंपा। भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व मे सुनील यदू, योगेश अनंत, मोहन बांधे, आशीष टोडर, सतीश सोनी, सतीश साहू व विजय यादव सहित अन्य नेताओं ने ज्ञापन सौंपते हुये सूमाभांठा मे गायों की मौत पर जांच की मांग की है। भाजपा नेताओं ने कहा है कि उक्त क्षेत्र मे 40 से ज्यादा गायों की मौत हुई है भाजपा नेताओं ने गाय की मौत पर फूड प्वायजनिंग की आशंका प्रकट की है भाजपा नेताओं ने कहा है इस गंभीर मामले पर प्रशासन का ध्यान न जाना खेद जनक है भाजपा नेताओं ने कहा कि 45 मिनट तक रायपुर भाटापारा मार्ग जाम करने पर प्रशासन की टीम वहां पहुंची भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार की गाय, गौठान व गोबर की योजना के विरूद्ध 40 से अधिक गायों की मौत पर सवाल खड़ा किया है व कहा है कि प्रदेश मे गौठान के नाम पर 13 सौ करोड़ रूपये का घोटाला करने वाली सरकार भाटापारा क्षेत्र मे 40 गायों की मौत के लिये जिम्मेदार है।

## 6 मंजिला बनेगा दिल का सरकारी अस्पताल




**रायपुर।** अंबेडकर अस्पताल के पिछले हिस्से में 6 मंजिला दिल का सरकारी अस्पताल बनेगा। नए अस्पताल में दिल की जांच से लेकर इंजियोग्राफी, इंजियोप्लास्टी, बाइपास के अलावा ओपन हार्ट सर्जरी भी होगी।

इसमें सबसे अहम ओपन हार्ट सर्जरी है, जो अभी सरकारी तौर पर उपलब्ध नहीं है। मरीजों को जरूरत पड़ने पर मजबूरी में प्राइवेट अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी करवानी पड़ती है। दिल के सरकारी अस्पताल में ये सर्जरी पूरी तरह से फ्री होगी।

अभी प्राइवेट अस्पताल में सर्जरी करवाने पर 3 से पांच लाख तक खर्च आता है। नए अस्पताल में दिल की बीमारी से संबंधित सभी विभाग अलग-अलग मंजिल पर रहेंगे। सेक्टर और अलग-अलग फ्लोर में बंटे होने के कारण मरीजों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। राज्य सरकार के प्रस्ताव पर अस्पताल प्रशासन ने नए अस्पताल भवन और उसमें उपलब्ध सुविधाओं का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। अभी दिल का सरकारी अस्पताल, अंबेडकर अस्पताल भवन के एक हिस्से में एडवांस कार्डियेक थेरोसिक सर्जरी विभाग के नाम से चल रहा है, लेकिन संसाधनों और स्टाफ की कमी के कारण कई जरूरी सुविधाएं मरीजों को नहीं मिल पा रही हैं।

इसमें सबसे महत्वपूर्ण ओपन हार्ट सर्जरी है। ओपन हार्ट सर्जरी के लिए न तो यहां डाक्टर हैं और न ही ऑपरेशन थियेटर। इस वजह से डाक्टर मरीजों के लिए ये सुविधा शुरू भी नहीं कर पा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन की ओर से अभी जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, उसमें ओपन हार्ट सर्जरी के लिए सर्जन के अलावा अलग से ऑपरेशन थियेटर उपलब्ध कराया जाएगा। उसके बाद मरीजों को प्राइवेट अस्पताल रिफर नहीं किया जाएगा।

# बालको के पोषण माह ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल को बनाया उत्कृष्ट

**बालकोनगर** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने आरोग्य परियोजना के तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पहल पर दो महीने तक चले उत्सव का समापन समारोह संपन्न हुआ। उत्सव में संयंत्र के आसपास समुदायों में पोषण माह और स्तनपान सप्ताह समारोह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया। जिला स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न सामुदायिक भागीदारों के सहयोग से स्तनपान, पोषण और महिला कल्याण से संबंधित स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने वाले इस उत्सव ने समुदाय के 32 आंगनवाड़ी केंद्रों की 1000 से अधिक महिलाओं तक अपनी पहुंच बनायी।








बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको का दृष्टिकोण एल्यूमिनियम उत्पादन से आगे सामुदायिक भलाई तक फैला हुआ है, कंपनी सभी के लिए उज्जवल एवं स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा आगे बढ़े और हर मां को वह देखभाल मिले जिसकी वह हकदार है। स्तनपान सप्ताह और पोषण माह के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य का जश्न मनाना, स्वस्थ समुदायों के पोषण के प्रति हमारी प्रयासों को दर्शाता है। बालको प्रचालन के आसपास रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कोरबा जिले के बेला गांव की सरपंच श्रीमती जया राठी ने कहा कि एनीमिया और कैंसर पर जागरूकता सत्र वास्तव में ज्ञानवर्धक थे। बालको के स्तनपान सहायता सत्र इसे सामान्य बनाने में सहायक रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारे समुदाय में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर गहरा सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं। बालको के स्वास्थ्य पहल के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पोषण माह पहल के अनुरूप बालको ने आरोग्य परियोजना के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल को संबोधित करने, पोषण महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ पोषण कोशिशों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सितंबर को पोषण माह के रूप में मनाया। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के साथ-साथ कुपोषित बच्चों की माताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस महीने में कई गतिविधियाँ शामिल थीं जैसे-

महीने भर चलने वाले उत्सव में पोषण विशेषज्ञों और स्त्री रोग विशेषज्ञों के नेतृत्व में पोषण और एनीमिया से संबंधित विषय पर जागरूकता शिविरों और सत्रों सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। पीडी हर्थ सत्र और टीएचआर प्रशिक्षण कार्यक्रम सत्रों में चिकित्सीय जटिलताओं के बिना कुपोषित बच्चों के पुनर्वास और रखरखाव के लिए एक प्रभावी परिवर्तन कार्यक्रम है। माताओं एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु टेक-होम राशन (महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदान किया जाने वाला पूरक खाद्य उत्पाद) पर प्रशिक्षण भी शामिल किया गया।

रेसिपी प्रतियोगिताओं में परिचर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र और टीएचआर का उपयोग करके एक विशेष रेसिपी बनाने की व्यंजन प्रतियोगिता में महिलाओं की भागीदारी ने सभी को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। गोदभराई रस्म बालको ने समुदाय की 30 गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक भारतीय गोद भराई का जश्न मनाया, उन्हें पोषण सेवन बढ़ाने के लिए मूल्यवान टिप्स और तकनीकें प्रदान कीं। साथ ही बालको ने कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के सहयोग से कुपोषित परिवारों को सब्जियों के बीज और फलों के पौधे वितरण कर पोषण बाड़ी के विकास को प्रोत्साहित किया।

इस महीने में एक विशेष कार्यक्रम किया गया जिसमें पुरुषों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला गया और समुदायों में पुरुषों के बीच जागरूकता पैदा की गई। बालको ने अगस्त माह में आओ स्तनपान कराएं और काम करें, काम करें थीम के साथ प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत स्तनपान सप्ताह मनाया। इस कार्यक्रम ने विशेष रूप से कृषि और घरेलू गतिविधियों में लगी महिलाओं के लिए स्तनपान के महत्व को रेखांकित करते हुए जागरूकता सत्रों की पर जोर दिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए कैंसर विशेषज्ञों, स्त्री रोग विशेषज्ञों, बालको मेडिकल सेंटर एवं बालको अस्पताल और सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों सहित प्रतिष्ठित स्वास्थ्य पेशेवर शामिल हुए। समुदायों में महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के साथ सूचनात्मक स्वास्थ्य वार्ता जिसमें स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता तथा जोखिम कारक, स्व-परीक्षा तकनीक और सक्रिय स्तन स्वास्थ्य को शीघ्र पता लगाने पर चर्चा की गई। बालको ने जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया। शिविर में नियमित चिकित्सा जांच के महत्व पर जोर देते हुए मधुमेह, रक्तचाप और हीमोग्लोबिन के लिए नैदानिक परीक्षण की पेशकश की गई।

*प्रोजेक्ट आरोग्य बालको की व्यापक स्वास्थ्य पहल है जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर ध्यान देने के साथ गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करती है। यह परियोजना उपचारात्मक और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से 30,000 से अधिक लोगों तक सफलतापूर्वक पहुंच गई है। वित्तवर्ष 2023 में 3000 से अधिक माताओं और 430 कुपोषित बच्चों को लाभ हुआ है। परियोजना ने 600 से अधिक माताओं को टेक होम राशन (टीएचआर) के व्यंजनों पर प्रशिक्षित किया तथा आंगनवाड़ी केंद्रों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं और कुपोषित बच्चों के घरों में 150 पोषण बाड़ी विकसित किए हैं।*

# कांग्रेस भरोसा यात्रा का आयोजन, दामाखेड़ा में हुआ समापन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी माननीय अध्यक्ष दीपक बैज जी के आदेशानुसार विधानसभा स्तरीय कांग्रेस भरोसा यात्रा का आयोजन आज मावली माता मंदिर ग्राम सिंगारपुर से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर द्वारा झंडा दिखाकर के शुभारंभ किया गया यात्रा कड़र, दतरेंगी, भाटापारा, तरेंगा, लिमतरा होते हुए दामाखेड़ा में समापन हुआ, यात्रा भाजपा के 15 साल बनाम कांग्रेस के 5 साल के कार्यो पर आधारित है, कांग्रेस ने जो कहा वो किया, भूपेश बघेल सरकार ने राजीव गांधी, न्याय योजना, बिजली बिल हाफ योजना, कर्ज माफी, भूमिहीन मजदूरों को आर्थिक सहायता, 7 की जगह 67 लघु वनोपजों की खरीदी, तेंदूपत्ता मानकों को 4000 प्रति मानक बोरा, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, 10,000 गौठान का निर्माण , गोबर व गोमूत्र खरीदी, जैसी अनेक योजनाओं से जनता का भरोसा जीत लिया है, इसीलिए भरोसा यात्रा द्वारा अनेक जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी रही है। यात्रा प्रभारी प्रमोद तिवारी, रायपुर लोकसभा के प्रभारी अशोक आहूजा, छाया विधायक सुनील महेश्वरी, सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू, मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, निगम सदस्य सतीश अग्रवाल, आयोग सदस्य गणेश सिंह ध्रुव, पूर्व विधायक चैतराम साहू,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, अमर मंडावी, के के नायक, कर्मकार मंडल सदस्य आलोक मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील ,, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यदु, सिमगा जनपद उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सिमगा नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर, जिला उपाध्यक्ष अशोक ध्रुव, कुबेर यदु, शैली भाटिया, चंदू साहू, अभिनव यदु, रमेश धृतलहरे, सेवादल जिला अध्यक्ष संतोष यादव, मधुसूदन शर्मा, मोहन केसरवानी, एल्डरमैन गिरीश पर पानी, मुकेश साहू, मनीष पंजवानी, विक्की ठाकुर, शतरूपा वर्मा, हिरमत बाई साहू, पूर्णिमा श्रीवास, कुमारी जांगड़े निर्मला कोसले, हेमिन ध्रुव, अजय ठाकुर, नरेंद्र ब्रम्हणकर, संजय शर्मा, जाहिर भाटिया, राजा तिवारी, मनमोहन कुर्रे, अरुण साहू, गोपाल शर्मा, गया राम वर्मा, कीरत वर्मा, पवन यादव, सुरेश अग्रवाल, मुनेंद्र साहू राहुल साहू, लोकेश यादव, लोकेश मंगलानी, ईश्वर सेन, कन्हैया वर्मा, केदार मिश्रा।



# विधानसभा स्तरीय कांग्रेस भरोसा यात्रा का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी के आदेशानुसार विधानसभा स्तरीय कांग्रेस भरोसा यात्रा का आयोजन किया गया, मावली माता मंदिर ग्राम सिंगारपुर से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर द्वारा झंडा दिखाकर के शुभारंभ किया गया यात्रा कंडार, दतरेंगी, भाटापारा कांग्रेस भवन से तरेंगा, लिमतरा होते हुए, दामाखेड़ा में समापन हुआ, यात्रा मे भाजपा के 15 साल बनाम कांग्रेस के 5 साल के कार्यों पर आधारित है, कांग्रेस ने जो कहा वो किया, भूपेश बघेल सरकार ने राजीव गांधी न्याय योजना, बिजली बिल हाफ योजना, कर्ज माफी, भूमिहीन मजदूरों को आर्थिक सहायता,7 की जगह 67लघु वनोपजो की खरीदी, तेंदूपत्ता मानको को 4000 प्रति मानक बोरा, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, 10,000 गौठान का निर्माण, गोबर व गोमूत्र खरीदीं, जैसी अनेक योजनाओं से जनता का भरोसा जीत लिया हैं, इस लिए भरोसा यात्रा द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी रही हैं, यात्रा प्रभारी प्रमोद तिवारी, रायपुर लोकसभा के प्रभारी अशोक आहुजा, प्रदेश प्रतिनिधि सतीश अग्रवाल सदस्य निगम मंडल छत्तीसगढ़ शासन, पूर्व विधायक चैतराम साहू, सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, छाया विधायक सुनील माहेश्वरी, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू, मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा,आयोग सदस्य गणेश सिंह ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर, अभिनव यदु, कर्मकार मंडल सदस्य आलोक मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, अमर मंडावी, के.के नायक, सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने भूपेश सरकार की योजनाओ व उपलब्धियां गिनाई, निगम मंडल छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य श्री सतीश अग्रवाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की कमान सभाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीते पौने पांच सालों में राज्य के विकास के लिए विशेष पहल की हैं। चाहे बात ग्रामीण इलाकों की हो या फिर शहरों मे रहने वाले लोगों की हो। हर वर्ग के विकास के लिए भूपेश सरकार ने योजनाएं बनाई हैं। साथ ही बताया राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिलने वाली 9 हजार रुपए प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी से किसान पहले की तुलना मे काफी मजबूत हुए हैं। इस यात्रा के दौरान उपस्थित सुनील, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यदु, सिमगा जनपद उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, भागवत सोनकर, अशोक ध्रुव, कुबेर यदु, शैली भाटिया, चंदू साहू, रमेश घृतलहरे, संतोष यादव, मधुसूदन शर्मा, मोहन केसरवानी, राजा तिवारी, मनमोहन कुर्रे, मनीष पंजवानी, गिरीश परप्यानी, मुकेश साहू, गोपाल शर्मा, मनहरण वर्मा, विक्की ठाकुर, शतरूपा वर्मा,अजय ठाकुर, विकास शर्मा, गयाराम वर्मा, अरुण वर्मा, हिरमत बाई साहू, पूर्णिमा श्रीवास, कुमारी जांगड़े, निर्मला कोसले, हेमिन ध्रुव, नरेंद्र ब्रम्हणकर, संजय शर्मा, जाहिर भाटिया, अरुण साहू, कीरत वर्मा, पवन यादव, सुरेश अग्रवाल, मुनेंद्र साहू, राहुल साहू, लोकेश यादव, तिलक लहरें, जिनेंद्र भारतीय, लोकेश मंगलानी, ईश्वर सेन कन्हैया वर्मा, केदार मिश्रा, एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।*

# हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए संगत रवाना हुई



भाटापारा। छत्तीसगढ़ सिख संगठन के द्वारा हेमकुंड साहिब यात्रा आज रवाना हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ की 70 संगत महिलाएं बच्चे और पुरुष मिलकर जा रहे है यात्रा हरिद्वार उतर कर ऋषिकेश गुरुद्वारा साहिब से होते हुए हेमकुंड साहिब में जाकर हेमकुंड साहिब के दर्शन करेगी , उसके उपरांत हरिद्वार होते हुए रायपुर 10 अक्टूबर को वापस पहुंचेगी, यात्रा को अरदास उपरांत हरी झंडी दिखाने के लिए उत्तर के विधायक कुलदीप जुनेजा संगठन प्रभारी महामंत्री कांग्रेस कमेटी के मलकीत सिंह गेदु, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष करणी सेना के वीरेंद्र सिंह तोमर छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन के संस्थापक हरपाल सिह भामंरा छत्तीसगढ़ संयोजक अरूण छाबड़ा प्रदेश अध्यक्ष दलजीत चावला, महासचिव बलजीत सिंह भल्ला, मनमीत सिंह, गुरुचरण सिंह, प्रभजोत सिंह लाडी वीर , सोनू सलूजा, सद्दाम सोलंकी, आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना का शुभारंभ

## जिले के पांचों विकासखण्ड मुख्यालय में एक- एक कोचिंग सेंटर शुरू



*"नीट और जेईई की तैयारी के लिए मिलेगा उच्च स्तरीय निःशुल्क कोचिंग"*

*"अब तक 267 बच्चों ने कराया पंजीयन*

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना का ऑनलाईन शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिले वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे,छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जिले के विकासखण्ड बलौदाबाजार में पंडित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय, भाटापारा में पंचम दीवान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कसडोल में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय ,सिमगा में स्वामी आत्मन्द उत्कृष्ट विद्यालय तथा पलारी विकासखण्ड में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना के तहत कोचिंग सेंटर की शुरूअत हुई। स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना में बच्चों को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई की उच्च स्तरीय कोचिंग निःशुल्क दी जाएगी। कोचिंग के लिए प्रतिष्ठित संस्था एलन कोंचिंग इंस्टिट्यूट से एमओयू किया गया है जो रायपुर से ऑनलाइन माध्यम से सभी कोचिंग सेण्टर से जुड़कर कक्षा 12 के गणित व जीव विज्ञान विषय के बच्चो को मेथ्स, केमिस्ट्री,फिजिक्स एवं बायलॉजी की कोचिंग दी जाएगी। ऑनलाइन कोचिंग के लिए सभी सेंटर में नेटवर्क सहित अन्य आवश्यक उपकरण की व्यवस्था कर ली गई है। ऑनलाईन कोचिंग के दौरान बच्चों को स्थानीय स्तर पर सपोर्ट के लिये प्रत्येक सेंटर में नोडल अधिकारी बनाए गए है। कोचिंग के लिए अब तक पांचों विकासखंड में कुल 267 बच्चों ने पंजीयन कराया है जिसमे नीट के लिए 210 एवं जेईई के लिए 57 बच्चे शामिल है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार में अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री राकेश शर्मा, प्राचार्य रितु शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा 2023 संपन्न

**बिलासपुर।** सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी में कामकाज को प्रोत्साहित करने और वृद्धि लाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मुख्यालय में रेल तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए 14 सितंबर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य से लेकर 03 अक्टूबर 2023 तक राजभाषा पखवाड़ा 2023 चलाया गया । इस दौरान राजभाषा हिंदी से संबंधित विभिन्न प्रेरक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । राजभाषा पखवाड़ा 2023 का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह दिनांक 03 अक्टूबर, 2023 को श्री विजय कुमार साहू, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य में जोनल सभाकक्ष, मुख्यालय में आयोजित किया गया । सर्वप्रथम श्री शशि प्रकाश द्विवेदी, मुख्य राजभाषा अधिकारी ने अपर महाप्रबंधक महोदय का स्वागत किया और आयोजित की गई प्रतियोगिताओं और विजेताओं के संबंध में जानकारी दी । इस अवसर पर श्री विजय कुमार साहू ने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा के दौरान प्रतिभागियों में राजभाषा हिंदी के प्रति लगन एवं प्रेम उनके लेखन एवं प्रस्तुतियों में परिलक्षित हुई जिसके लिए सभी पुरस्कार विजेताओं को हार्दिक बधाई। इसके साथ ही राजभाषा पखवाड़ा 2023 के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारी एवं





कर्मचारी बधाई के पात्र हैं । इसके पश्चात अपर महाप्रबंधक महोदय के करकमलों से सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

अवगत हो कि 14 एवं 15 सितंबर 2023 को पुणे, महाराष्ट्र में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में आयोजित तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन मो प्रधान कार्यालय, मंडलों एवं कारखानों के राजभाषा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर का प्रतिनिधित्व किया । इसी कड़ी में दिनांक 18.09.2023 को हिंदी निबंध लेखन, टिप्पण आलेखन एवं वाक् प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । निबंध प्रतियोगिता के लिए विषय राजभाषा की वर्तमान स्थिति एवं संभावनाएं तथा भविष्य के लिए अक्षय उर्जा – विकास और चुनौतियां रखे गए जिसमें द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर, मुख्यालय से प्रथम पुरस्कार श्री रामनाथ पंडित, लेखा सहायक, द्वितीय पुरस्कार श्री मनोरंजन कुमार झा, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी (लेखा), तृतीय पुरस्कार श्री देवेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक तथा चतुर्थ पुरस्कार श्री मनीष कुमार सिंह, मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक ने प्राप्त किया ।

इसी प्रकार हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्री ललित कुमार दास, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, द्वितीय पुरस्कार श्री श्याम कुमार मौर्य, मुख्य सतर्कता निरीक्षक, तृतीय पुरस्कार श्री चूड़ामणि राठौर, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (ट्रैक मशीन) तथा चतुर्थ पुरस्कार श्री संतोष कुमार पाल, कार्यालय अधीक्षक (कार्मिक) ने प्राप्त किया । दूसरे सत्र में आयोजित वाक् प्रतियोगिता हेतु विषय हिंदी के विकास में मीडिया की भूमिका तथा ग्लोबल वार्मिंग – कारण तथा निवारण रखा गया जिसमें प्रथम पुरस्कार श्री संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ वंजीनियर (सूचना प्रौद्योगिकी), द्वितीय पुरस्कार श्री मोहम्मद इमरान, मुख्य गाड़ी लिपिक (परिचालन), तृतीय पुरस्कार श्री जे.एस.माधो, प्रधान आरक्षक (रे.सु.ब) ने प्राप्त किया । नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सचिवालय बिलासपुर के तत्वावधान में सदस्य केंद्रीय कार्यालयों हेतु दिनांक 20.09.2023 को हिंदी निबंध लेखन, टिप्पण आलेखन एवं वाक् प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । हिंदी निबंध प्रतियोगिता में राजभाषा हिंदी की पूर्ण प्रतिष्ठा में बाधाएं एवं समाधान तथा आत्मनिर्भर भारत: अवसर एवं चिंताएं विषय रखा गया जिसमें प्रथम पुरस्कार श्री विपुल बंसल, उप प्रबंधक (वि. एवं या.) सी.एम.पी.डी.आई., द्वितीय पुरस्कार श्री हेमंत सिंह राठौर, पंजाब नेशनल बैंक, तृतीय पुरस्कार श्री अभिषेक रंजन चुन्नु, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, महानिदेशक लेखा परीक्षा तथा चतुर्थ पुरस्कार श्री भरत लाल तिवारी, कार्या.सहा., अधीक्षक डाकघर, बिलासपुर ने प्राप्त किया । हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्री बीरेंद्र सिंह, तकनीशियन-।, मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर, द्वितीय पुरस्कार श्री प्रमोद कुमार, कार्या. अधी., भंडार विभाग, द.पू.म.रे. बिलासपुर, तृतीय पुरस्कार श्री शेख मोहम्मद नजीर, सहा. अधी.(प्र.), बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन तथा चतुर्थ पुरस्कार श्री दिनेश कुमार पाण्डु, रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर ने प्राप्त किया । दूसरे सत्र में आयोजित हिंदी वाक् प्रतियोगिता में विषय हिंदी के प्रयोग प्रसार में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का योगदान तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के फायदे और नुकसान रखा गया जिसमें प्रथम पुरस्कार श्रीमती वंदना मिश्रा, वरिष्ठ फार्मासिस्ट, मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर, द्वितीय पुरस्कार श्री श्याम सुंदर प्रसाद, प्रबंधक, भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, बिलासपुर, तृतीय पुरस्कार श्री तरूण सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बिलासपुर तथा चतुर्थ पुरस्कार श्री आदर्श वर्मा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बिलासपुर ने प्राप्त किया ।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए

# 'मेरी माटी मेरा देश' के अंतर्गत हाथ में मिट्टी लेकर अपर महाप्रबंधक ने एनईआई में सभी को शपथ दिलाई

### एनईआई बिलासपुर में अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू द्वारा गांधीजी का पुण्य स्मरण पर उनको श्रद्धांजलि दी

**बिलासपुर।** 02 अक्टूबर 2023 को गांधीजी की 154 वीं जयन्ती के अवसर पर बिलासपुर मुख्यालय सहित तीनों रेल मंडलो में एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी प्रमुख स्टेशनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । विभिन्न स्थानों में अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया । गांधीजी के आदर्श वाक्यों को सभी स्टेशनों के उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से प्रसारित किया गया । स्टेशनों तथा प्रमुख स्थानों पर रैली निकाल कर गांधी जी के स्वच्छ भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में कार्य किया गया ।

आज प्रातः एनईआई में बिलासपुर में अपर महाप्रबंधक श्री विजय कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम अपर महाप्रबंधक द्वारा दीप प्रज्वलित तथा गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण करते





हुये उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उनके बताये गये मार्ग पर चलने तथा स्वच्छता की दिशा में कार्य करने के प्रति आह्वान किया गया । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी । इस अवसर पर मुख्यालय तथा मंडल के अधिकारीगण



तथा कर्मचारीगण भी उपस्थित थे ।

इसके पश्चात अपर महाप्रबंधक द्वारा फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन -4.0 में स्वच्छ भारत ङ्क स्वस्थ भारत में भाग लेने पर सभी रेल कर्मियों, स्कूली बच्चों की सराहना की गई । इस अवसर अपर महाप्रबंधक, अधिकारियों एवं स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा एनईआई से केंद्रीय विधालय तक स्वच्छ जागरूकता स्वच्छ रैली का आयोजन किया गया । उन्होने स्वच्छ रैली के माध्यम से प्लास्टिक के उपयोग से होने वाली नुकसान की जीवंत प्रस्तुति देकर प्लास्टिक के बोतल, प्लास्टिक के रेपर तथा प्लास्टिक से बनी अन्य चीजों का उपयोग नहीं करने के प्रति जागरूकता का संदेश दिया । अपर महाप्रबंधक एवं अधिकारियों द्वारा एनईआई से केंद्रीय विधालय तक रोड परिसर में, अन्य आदि स्थानों में श्रमदान के तहत साफ-सफाई का कार्य कर स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया गया । बिलासपुर में रेलवे स्कूल के बच्चों द्वारा कालोनी में प्रभातफेरी निकली गई । प्रभातफेरी में बच्चों द्वारा स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से गांधी जी के सपनों का स्वच्छ भारत बनाने की दिशा में कार्य करते हुये सर्वत्र स्वच्छता बनाये रखने का आग्रह किया गया ।

# प्रधानमंत्री ने जगदलपुर में लगभग 27,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी

## 'छत्तीसगढ़ के लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है'

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जगदलपुर में लगभग 27,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया और राष्ट्र को समर्पित किया। परियोजनाओं में रेलवे और सड़क क्षेत्र की कई परियोजनाओं के साथ-साथ बस्तर जिले के नगरनार में 23,800 करोड़ रुपये से अधिक के एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के स्टील प्लांट का समर्पण शामिल है। उन्होंने ताड़ोकी-रायपुर डेमू ट्रेन सेवा को भी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का हर राज्य, हर जिला और हर गांव विकसित होगा। उन्होंने कहा कि इन संकल्पों को पूरा करने के लिए आज लगभग 27,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता को विकास परियोजनाओं के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए भौतिक, सामाजिक और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर भविष्य की जरूरतों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए इस वर्ष का परिव्यय 10 लाख करोड़ रुपये है, जो छह गुना अधिक है । कनेक्टिविटी पर केंद्र सरकार के फोकस का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में आर्थिक गलियारे और आधुनिक राजमार्गों का जिक्र किया. उन्होंने यह भी बताया कि 2014 की तुलना में छत्तीसगढ़ का रेल बजट लगभग 20 गुना बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के इतने वर्षों के बाद तारोकी को नई रेलवे लाइन का तोहफा मिल रहा है। एक नई डेमू ट्रेन ने तारोकी को देश के रेलवे मानचित्र पर जोड़ दिया है जिससे राजधानी रायपुर तक यात्रा करना आसान हो जाएगा। जगदलपुर और दंतेवाड़ा के बीच रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना से लॉजिस्टिक लागत कम होगी और यात्रा में आसानी होगी । प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि छत्तीसगढ़ ने रेलवे ट्रैक के 100 फीसदी विद्युतीकरण का काम पूरा कर लिया है. राज्य में वंदे भारत ट्रेन भी चल रही है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 30 से अधिक स्टेशनों का उन्नयन किया जा रहा है। जिनमें से 7 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास पहले ही हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग स्टेशन के साथ, आज जगदलपुर स्टेशन को भी इस सूची में जोड़ा गया है। आने वाले दिनों में जगदलपुर स्टेशन शहर का मुख्य केंद्र बनेगा और यहां यात्री सुविधाओं को उन्नत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में, राज्य के 120 से अधिक स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा प्रदान की गई है । श्री मोदी ने कहा, सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज की परियोजनाएं विकास की गति को आगे बढ़ाएंगी, रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी और राज्य में नए उद्योगों को प्रोत्साहित करेंगी। संबोधन का समापन करते हुए प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा को अपना समर्थन जारी रखेगी और राज्य देश का भाग्य बदलने में अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने इस अवसर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने और राज्य के विकास के बारे में विचारशील रहने के लिए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री बिश्वभूषण हरिचंदन को धन्यवाद दिया । इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री बिश्वभूषण हरिचंदन और सांसद श्री मोहन मंडावी उपस्थित थे ।

पूरे देश में रेल बुनियादी ढांचे में सुधार के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, कार्यक्रम के दौरान कई रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया और राष्ट्र को समर्पित की गईं। प्रधानमंत्री ने अंतागढ़ और तारोकी के बीच एक नई रेल लाइन और जगदलपुर और दंतेवाड़ा के बीच एक रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना राष्ट्र को समर्पित की। उन्होंने बोरीडांड-सूरजपुर रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जगदलपुर स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने तारोकी-रायपुर डेमू ट्रेन सेवा को भी झंडी दिखाई। इन रेल परियोजनाओं से राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। बेहतर रेल बुनियादी ढांचे और नई ट्रेन सेवा से स्थानीय लोगों को लाभ होगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी ।








'जगदलपुर रेलवे स्टेशन के उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी'

'छत्तीसगढ़ में कई रेल और सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया'

'ताड़ोकी-रायपुर डेमू ट्रेन सेवा को झंडी दिखाई'

'अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 30 से अधिक स्टेशनों का उन्नयन किया जा रहा है'

'सरकार छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा को अपना समर्थन जारी रखेगी और राज्य देश का भाग्य बदलने में अपनी भूमिका निभाएगा'

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के राजनांदगाँव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी रेलवे लाइन को आमगांव रेलवे स्टेशन से जोडने का कार्य के लिए इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा, इसके कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के राजनांदगाँव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी लाइन को आमगांव रेलवे स्टेशन से जोडने का कार्य के लिए इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा । यह इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग का कार्य दिनांक 07 से 10 अक्टूबर, 2023 तक किया जायेगा । इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द एवं कुछ को गंतव्य से पहले समाप्त एवं रवाना किया जाएगा, जिसकी जानकारी इस प्रकार है :-

### रदद होने वाली गाडियां -

01. दिनांक 11 से 13 अक्टूबर, 2023 तक दुर्ग से छूटने वाली 08741 दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
02. दिनांक 12 से 14 अक्टूबर, 2023 तक गोंदिया से छूटने वाली 08742 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
03. दिनांक 11 से 13 अक्टूबर, 2023 तक गोंदिया से छूटने वाली 08743 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
04. दिनांक 12 से 14 अक्टूबर, 2023 तक इतवारी से छूटने वाली 08744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
05. दिनांक 10 से 13 अक्टूबर, 2023 तक इतवारी से छूटने वाली 08754 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
06. दिनांक 10 से 13 अक्टूबर, 2023 तक रामटेक से छूटने वाली 08755 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
07. दिनांक 11 से 14 अक्टूबर, 2023 तक इतवारी से छूटने वाली 08756 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
08. दिनांक 11 से 14 अक्टूबर, 2023 तक रामटेक से छूटने वाली 08751 रामटेक- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
09. दिनांक 10 से 13 अक्टूबर, 2023 तक रायपुर से छूटने वाली 08267 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
10. दिनांक 11 से 14 अक्टूबर, 2023 तक इतवारी से छूटने वाली 08268 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
11. दिनांक 10 से 13 अक्टूबर, 2023 तक रायपुर से छूटने वाली 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
12. दिनांक 10 से 13 अक्टूबर, 2023 तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08723 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
13. दिनांक 11 से 14 अक्टूबर, 2023 तक गोंदिया से छूटने वाली 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
14. दिनांक 11 से 14 अक्टूबर, 2023 तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
15. दिनांक 11 से 14 अक्टूबर, 2023 तक गोंदिया से छूटने वाली 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
16. दिनांक 11 से 14 अक्टूबर, 2023 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
17. दिनांक 11 से 14 अक्टूबर, 2023 को बालाघाट से छूटने वाली 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
18. दिनांक 11 से 14 अक्टूबर, 2023 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
19. दिनांक 11 से 14 अक्टूबर, 2023 तक गोंदिया से छूटने वाली 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।
20. दिनांक 08 से 13 अक्टूबर, 2023 तक गेवरा रोड से छूटने वाली 18239 गेवरा रोड-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) शिवनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
21. दिनांक 08 से 13 अक्टूबर, 2023 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

### गांधी शास्त्री जयंती पर

# मयूर क्लब द्वारा रेलवे स्टेशन में बैटरी वाहन एवं अस्पताल में सेवा कार्य

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** स्थानीय समाज सेवी संस्था मयूर क्लब भाटापारा द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती की पावन पर्व पर साथ ही समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म में निशक्त/ वृद्ध व रोगी व्यक्तियों के लिए निशुल्क बैटरी वाहन का संचालन जो कोरोना कल से अनुरुध्द था का पुन: संचालन माननीय विधायक श्री शिवरतन जी शर्मा एवं स्टेशन मास्टर श्री अजय राव, श्री केशव यदु , अध्यक्ष श्री अनिल भृगु सचिव रविंद्र जैन जी व मयूर क्लब परिवार के वरिष्ठ सदस्य श्री गिरधर दास मुंधड़ा श्री राम रतन मुंधड़ा श्री नारायण भूषणिया, श्री श्रवण कुमार अग्रवाल, श्री उमा शंकर जी अग्रवाल, श्री अखिलेश जिंदाणी ,श्री पवन अग्रवाल एवं परिवार, स्व. बिहारी लाल जी अग्रवाल की स्मृति में प्रदत बैटरी वाहन अग्रवाल परिवार के उपस्थित में विधिवत प्रारंभ किया गया। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म में उपस्थित यात्री गणों को फल व बिस्किट का वितरण किया गया पश्चात नगर के सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों को फल ब्रेड व बिस्किट का वितरण किया गया जिसमें मयूर परिवार के सम्मानित सदस्यो, नगर जन समिति द्वारा संचालित विद्यालय में शिशु मंदिर उत्तर मध्य विद्यालय के समस्त शिक्षक परिवार उपस्थित रहकर अपनी सेवा देते रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय विधायक महोदय ने समिति की सेवा सद्भाव कार्य की सराहना की व उक्त कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की बात कही , सचिव महोदय श्री रविंद्र जैन ने बताया कि समिति द्वारा समय-समय पर जनहित में अनेकों कार्य निशुल्क आयोजित करते आ रही है वह भविष्य में भी जनहित में अनेकों कार्य का संचालन निशुल्क निस्वार्थ रूप से करेगी । स्टेशन परिसर में गाड़ी की व्यवस्था से नगर के लोग लाभान्वित हो रहे हैं उक्त सेवा से नगर के प्रबुद्ध जन ने सराहना की वह समिति को धन्यवाद दिया।








# प्रति गाय तीस रू. गौपालन निधि प्रदान करे राज्य सरकार - संत रामबालकदास जी

**थानखम्हरिया।** गौमाता का संरक्षण तथा संवर्धन हम सब की जिम्मेदारी है। छ ग राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाते हुये प्रति गौवंश तीस रू गोपालन निथि के रूप में प्रदान करे। सरकार यदि यह योजना अमल में लाती है तो गौ संवर्धन के लिये यह भागीरथी प्रयास होगा। नगर में सिंघानिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के कथा मंच से संत रामबालकदास जी ने यह बातें कही।





पितृ मोक्षार्थ आयोजित कथा मंच से बाबा जी ने कहा कि आप सभी ने इस आयोजन के माध्यम से ज्ञान, भक्ति, मुक्ति के साथ गौ भक्ति का सूत्र भी प्राप्त किया होगा। हमारे जिन पितरों ने गायों के साथ जीवन जीया उनके सम्मान में घर में एक गाय पालने का संकल्प लें। केवल शारीरिक संबंधी ही हमारे पितर नहीं हैं बल्कि जो पुरातन हैं वे भी पितर हैं। श्रीमद्भागवत कहती है कि सद्शास्त्र, सद्ग्रंथ, संत, ऋषि, मुनि, गौ, पुरातन संस्कृति भी हमारे पूर्वज हैं जिनकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। संत श्री ने कहा कि गायों की दुर्दशा देखकर मन दुखी है। गौवंश की संख्या लगातार घटती जा रही है कोरोना काल के बाद से अब तक छग में तीन से चार लाख गौवंश घटे हैं जो अत्यंत चिंतनीय है। जो शेष हैं उनमें से अधिकांश का जीवन उपेक्षित है। गौ का अत्यंत महत्व होने के बाद भी इसके प्रति उपेक्षा का भाव है। ऐसी ही स्थिति बनी रही तो भविष्य में यज्ञ, हवन, अनुष्ठान, पूजा कैसे कर पायेंगे। गौरी गणेश कैसे बना पायेंगे। पंचगव्य के बिना पवित्र कैसे होंगे। गोवर्धन पूजा के दिन गौवंश कहाँ खोजेंगे। गायों के कारण ही जिन श्री कृष्ण का नाम गोपाल, गोविंद पड़ा उन गायों की दुर्दशा देखकर मन व्यथित है। बाबा जी ने कहा सनातन की सारे संस्कार तथा संस्कृतियाँ गायों से जुड़ी हुयी हैं। आज हम जिन गणेश जी



को पूज रहे हैं उनका निर्माण माता पार्वती ने गोबर से ही किया था। अपनी संतानों को गायों से जोड़ो वरना जब हम पितर बन जायेंगे तब ये संतानें अपने पितरों को भूल जायेंगी। बाबाजी ने कहा माता - पिता अपनी संतानों को हमेशा खुश देखना चाहते हैं। देवलोक गमन के बाद भी वे पितृ देवता के रूप में संतानों को सुखी देखना चाहते हैं। हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने पितरों को सम्मान दें। मोक्ष के लिये गया के साथ गाय से जुड़ना जरूरी है।

बाबाजी ने कहा सरकारें बनती बिगड़ती रहेंगी लेकिन गौमाता का संरक्षण जरूरी है। सरकारें वोटरों के लिये लोक लुभावन योजनायें लाती हैं गौमाता के संवर्धन के लिये भी छ ग सरकार गौशालाओं के अलावा घर में पाली जाने वाली प्रति गौ माता को तीस रू गौपालन निधि देने का निर्णय ले। दिल्ली में नया लोकसभा भवन बन गया अंग्रेजों के बनाये अनेक काले कानून समाप्त करने की प्रक्रिया चल रही है लेकिन वर्षों की मांग आंदोलन के बाद भी पूरे देश में गौ हत्या बदस्तूर जारी है। गौहत्या निषेध कानून बनाने की दिशा में एक महिने बाद संत समाज द्वारा महाभियान चलाया जायेगा। संत श्रीदत्त शरणानंद जी महाराज के साथ देश का संपूर्ण संत समाज दिल्ली में एकत्र होगा। सरकार को अल्टीमेटम दिया जायेगा पश्चात् आगे की रणनीति तय की जायेगी। कथा मंच पर बाबाजी ने व्यासरूप पं ओमप्रकाश जोशी का तथा सिंघानिया परिवार के प्रेम सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, सुभाष सिंघानिया, पुरूषोत्तम सिंघानिया,सुरेंद्र सिंघानिया, प्रदीप सिंघानिया, संतोष सिंघानिया,अभिषेक,अतुल, मयंक सिंघानिया आदि ने बाबाजी का पुष्पहार से स्वागत किया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in